● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 89, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 04 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ




मुसलमानों के खिलाफ नहीं है भाजपा : राजनाथ 5

मौका बर्बाद नहीं करना चाहता : नितीश रेड्डी 6

# आपके सपनों के लिए संकल्प लेकर जी रहा हूं : मोदी

## पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद से कहा-डरो मत, भागो मत, राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने पर पीएम का तंज

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान में हुंकार भरी। चुनाव प्रचार के दौरान यहां उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। इस रैली में पीएम मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए बताया कि वह जनता की सेवा करने के लिए पैदा हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनका सपना केवल जनता के सपनों को पूरा करना है। इस रैली में पीएम मोदी ने राहुल गांधी के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने के फैसले पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी डर के कारण रायबरेली भाग गए। पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद से कहा, डरो मत, भागो मत।



रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मुझे देश ने और आप सबने इतना आशीर्वाद दिया है। शायद कोई इंसान अपने जीवन में ऐसी कल्पना तक नहीं कर सकता है कि ईश्वर रूपी जनता जनार्दन इतने आशीर्वाद बरसाएं और लगातार बरसाएं और वर्षों से ये आशीर्वाद बढ़ता ही जा रहा है। जीवन में इससे बड़ा संतोष क्या होता है। उन्होंने आगे कहा, मैं मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं और न ही मैं खुद के लिए जीना नहीं चाहता हूं। मैं केवल आपकी सेवा का संकल्प लेकर, महान भारत माता के 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकला हूं। मोदी विकसित भारत बनाने के लिए, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। ये मैं अपने लिए नहीं, बल्कि अपनों के लिए कर रहा हूं। मेरे अपने मतलब - मेरा भारत, मेरा परिवार। आपके सपनों के लिए संकल्प लेकर जी रहा हूं।

विपक्षी पार्टियों टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन पार्टियों के पास विजन नहीं है। उन्होंने लेफ्ट पर पड़ोसी राज्य त्रिपुरा को तबाह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, लेफ्ट, कांग्रेस और टीएमसी किसी राज्य का क्या हाल कर सकती हैं, ये आप अच्छी तरह जानते हैं। यहां पास में ही त्रिपुरा लेफ्ट वालों ने तबाह कर रखा था। लेकिन पिछले पांच साल में भाजपा ने पूरे त्रिपुरा की जिंदगी बदल दी। लेफ्ट वाले गए तो विकास का सूरज उगने लगा।

टीएमसी को घेरते हुए पीएम मोदी ने बताया, मैंने कल टीवी पर देखा कि यहां बंगाल में टीएमसी के एक विधायक ने सरेआम धमकी दी। वो कह रहे थे कि हिंदुओं को दो घंटे में भागीरथी में बहा देंगे। ये कौन सी भाषा है? बंगाल में टीएमसी की सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। ये कैसे लोग हैं कि जय श्रीराम के उदघोष से भी इन्हें आपत्ति है। इनको राम मंदिर के निर्माण से आपत्ति है, रामनवमी की शोभायात्रा से आपत्ति है। पीएम मोदी ने संदेशखाली मुद्दे को लेकर भी टीएमसी सरकार को सवालों के घेरे में लिया। उन्होंने कहा, मैं तृणमूल सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में हमारी दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ। पूरा देश कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन टीएमसी गुनहगार को बचाती रही।

## भिंड वीरों की भूमि, यहां आने से मिलती है ऊर्जा : सिंधिया

**भिंड।** भिंड में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा भिंड वीरों की भूमि है और यहां जब-जब मैं, आता हूं तो नई ऊर्जा लेकर जाता हूं। इस धरती को नमन करने का मौका मिलता है। जिले की माटी को सिर-माथे लगाने का अवसर मिलता है। यहां के लोग देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे देते हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार को भिंड जिले के गोरमी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भिंड के साथ सिंधिया परिवार का बहुत पुराना रिश्ता है। मेरा आपसे राजनीति नहीं, बल्कि खून का रिश्ता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के साथ आपको हमने प्रगति और विकास का विश्वास दिलाया था।

### सीएम यादव का राहुल गांधी पर तंज

## वायनाड से हार की आशंका के कारण रायबरेली गए, प्रियंका रण-छोड़ हो गईं

**भोपाल।** कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी के उत्तर प्रदेश के रायबरेली से चुनाव लड़ने को लेक लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी को लेकर जिस ढंग से वातावरण बना है। यही कारण है कि कांग्रेस पहले तो तय नहीं कर पा रही थी कि क्या करना चाहिए..?



सीएम यादव ने कहा कि राहुल गांधी पिछली बार अमेठी से हारकर केरल तक भाग गए थे। अब वायनाड से हार की आशंका मानकर पहले अमेठी का मन बनाते रहे। स्मृति जी ने जो 5 साल तक काम किया है। पिछले चुनाव में 5 विधानसभा में 4 में जमानत जब्त कराई। मैं अभी वहां दौरा करके आया हूं। नामांकन भराने मैं खुद गया था। यूपी का माहौल मोदीमय हो चुका है। पुराना रिकॉर्ड भी हम तोड़ने जा रहे हैं।

राहुल गांधी अमेठी की बजाए अब रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। वहां से भी निश्चित ही राहुल गांधी जी की हार होने वाली है। कांग्रेस ने जितने विकास में अवरोध पैदा किए, मोदी जी के बारे में जितनी हल्की बातें की उन सभी बातों का हिसाब देना पड़ेगा। प्रियंका जी ने तो पहले ही, हमारी भाषा में कहे तो रण के पहले ही रण-छोड़ हो गई।

### रायबरेली से नामांकन के बाद राहुल का भावुक पोस्ट

## मेरी मां ने बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी

**रायबरेली।** रायबरेली से नामांकन करने के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक भावनात्मक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा, रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था। मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे



किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।

राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरा। राहुल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत मौजूद रहे। आज सुबह ही राहुल गांधी विशेष विमान से दिल्ली से फुरसतगंज पहुंचे। वहां से अमेठी होते हुए रायबरेली आए। रायबरेली के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद राहुल का नामांकन जुलूस निकला।

## अडाणी ग्रुप की 6 कंपनियों को सीबी का नोटिस

**मुंबई।** अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज समेत ग्रुप की 6 कंपनियों को मार्केट रेगुलेटर सीबी ने कारण बताओ नोटिस भेजा है। इन कंपनियों पर ट्रांजैक्शन और लिस्टिंग रेगुलेशन के नियमों के कथित उल्लंघन के आरोप हैं। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन , अडाणी एनर्जी, अडाणी पावर, अडाणी विल्मर और अडाणी टोटल गैस ने अपनी-अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है।

## सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार करने को तैयार

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दो घंटे बहस हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है, ताकि वे कैंपेन में हिस्सा ले सकें।

बेंच ने कहा कि मेन केस यानी जिसमें केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है, इसमें समय लग सकता है। कोर्ट ने ईडी से कहा- अगली सुनवाई में अंतरिम जमानत की शर्तों को भी बताया जाए। हमे अंतरिम जमानत देने या न देने पर अभी फैसला करना है। हम 7 मई को इस पर सुनवाई करेंगे।

केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से एएसजी एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें रखीं। सिंघवी ने एक बार फिर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। केजरीवाल ने ईडी के 9 समन का जवाब दिया था। जांच एजेंसी के सामने पेश न होना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता।

वहीं एसवी राजू ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का आधार बताया। उन्होंने कहा- केजरीवाल को गिरफ्तार करने का निर्णय सिर्फ जांच अधिकारी नहीं, बल्कि एक स्पेशल जज द्वारा भी लिया गया था। दिल्ली के ष्टरू गिरफ्तार नहीं किए जाने को लेकर हाईकोर्ट भी गए थे। लेकिन कोर्ट ने दस्तावेजों को देखने के बाद गिरफ्तारी से रोक पर हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

## सिसोदिया की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट का ईडी-सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट में आप नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी-सीबीआई को नोटिस देकर जवाब मांगा है। साथ उन्हें बीमार पत्नी सीमा से हफ्ते में एक बार मिलने की परमिशन भी दी है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी। ट्रायल कोर्ट से बेल खारिज होने के बाद सिसोदिया ने 30 अप्रैल को एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच के सामने याचिका लगाई थी।

## चीन के मून मिशन को पाकिस्तान ने अपना बताया

**बीजिंग।** भारत के चंद्रयान-3 मिशन के बाद अब चीन ने भी अपना मून मिशन लॉन्च कर दिया है। इस मिशन का नाम चैंग ई-6 मिशन है और इसे हैनान द्वीप के वेन्चांग स्पेस साइट से लॉन्ग मार्च 5 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया।

ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, इस प्रोब का लक्ष्य चांद के दूर वाले हिस्से (जहां अंधेरा होता है) पर जाकर सैंपल इकट्ठे करके इन्हें धरती पर भेजना है। चीन का यह प्रोब 53 दिन तक चांद पर रहेगा, यानी 25 जून को यह धरती पर लौट आएगा।

चैंग ई-6 में पाकिस्तान का आईक्यूब-क्त सैटेलाइट लगा हुआ है। इस सैटेलाइट में 2 कैमरे हैं, जो चांद की सतह की तस्वीरें लेंगे। हालांकि, पाकिस्तान का मीडिया इसे उनका मून मिशन बता रहा है।

जियो न्यूज की वेबसाइट पर लिखा गया कि चांद ने अपना सैटेलाइट मून मिशन लॉन्च कर दिया। इसे पाकिस्तान का ऐतिहासिक मिशन बताया गया है। जियो न्यूज के मुताबिक, पीएम शहबाज शरीफ ने देश के वैज्ञानिकों और नागरिकों को सफल लॉन्चिंग की बधाई भी दी। प्रोब शुरुआती कुछ दिन पृथ्वी की कक्षा में गुजारेगा और बाद में चांद की तरफ रवाना हो जाएगा। चीन ने साल 2030 तक इंसान को चांद पर भेजने का लक्ष्य रखा है।

## सुप्रीम कोर्ट का हमनाम उम्मीदवारों पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में एक जैसे नाम वाले उम्मीदवारों पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। शुक्रवार को जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सतीश चंद्रा और जस्टिस संदीप शर्मा की बेंच ने कहा कि अगर किसी का नाम राहुल गांधी या लालू यादव है तो उन्हें चुनाव लड़ने से नहीं रोका जा सकता।

कोर्ट ने कहा- बच्चों का नाम उनके माता-पिता रखते हैं। अगर किसी के माता-पिता ने किसी अन्य के जैसा नाम दिया है तो उन्हें चुनाव लड़ने से कैसे रोका जा सकता है? क्या इससे उनके अधिकारों पर असर नहीं पड़ेगा? बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप जानते हैं मामले का हश्र क्या होगा। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली।

दरअसल, साबू स्टीफन नाम के याचिकाकर्ता ने कहा था कि हाई प्रोफाइल सीटों पर मिलते-जुलते नाम वाले दूसरे उम्मीदवार को चुनाव में उतारना पुराना ट्रिक है। इससे वोटरों के मन में कन्फ्यूजन पैदा होता है। एक जैसे नाम के कारण लोग गलत कैंडिडेट को वोट



करते हैं और सही उम्मीदवार को नुकसान होता है। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक पार्टियां जानबूझकर ऐसे कैंडिडेट मैदान में उतारती हैं। इसके बदले हमनाम उम्मीदवार को पैसे, सामान और कई तरह के फायदे मिलते हैं। उन्हें भारतीय राजनीतिक और प्रशासनिक प्रणाली की कोई जानकारी नहीं होती। याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वकील वी के बीजू ने कहा कि वे यह दावा नहीं कर रहे है कि ऐसे सभी उम्मीदवार फर्जी होते हैं या उन्हें चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं है। हालांकि, हमनाम उम्मीदवारों से बचने के लिए एक प्रभावी जांच और सही मैकेनिज्म की जरूरत है।

वीके बीजू ने कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल्स, 1961 के नियम 22(3) का हवाला देते हुए मांग की थी कि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के नाम एक रहने पर उनके काम, निवास या किसी अन्य तरीके से की उनकी अलग पहचान की जानी चाहिए।

## असम सीएम बोले- राहुल गांधी पाकिस्तान में बहुत लोकप्रिय, वहां चुनाव लड़े तो जीत जाएंगे

**नई दिल्ली।** असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार (3 मई) को कहा कि पाकिस्तान में राहुल गांधी बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं। पाकिस्तान में अगर चुनाव होता है और राहुल गांधी खड़े होते हैं तो वे बहुत ज्यादा वोट से जीतेंगे।

हिमंत ने कहा कि पाकिस्तान में राहुल से हम नहीं जीत सकेंगे। पाकिस्तान जो चाहेगा भारत में उसका उल्टा होगा। दरअसल, पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन के राहुल गांधी की तारीफ की थी। इसके बाद सरमा का ये बयान आया है। महाराष्ट्र के महाड में शिवसेना गुट की नेता और पार्टी की स्टार प्रचारक सुषमा दगड़ू अंधारे को रिसीव करने आया हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। सुषमा को कोंकण से बारामती जाना था। घटना शुक्रवार सुबह 9.30 बजे के करीब हुई।

सुषमा ने बताया कि उन्हें चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए बारामती जाना था। मैं हेलीपेड तक कार से पहुंची। मैंने देखा कि हेलिकॉप्टर ने आसमान में 2-3 चक्कर लगाए। इसके बाद लैंड होते वक्त क्रैश हो गया। उन्होंने बताया कि हेलिकॉप्टर का पायलट घायल हुआ है।

## झरोखा




## एससी ने जीएसटी एक्ट के तहत नोटिस-गिरफ्तारियों का डेटा मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से त्रस्ज्ञ एक्ट के तहत 1 से 5 करोड़ रुपए के डिफॉल्ट के लिए जारी किए गए नोटिस और गिरफ्तारियों का डेटा मांगा है। कोर्ट ने कहा कि कभी-कभी गिरफ्तारियां नहीं की जाती हैं, लेकिन लोगों को नोटिस जारी करके, गिरफ्तारी की धमकी देकर परेशान किया जाता है।

कोर्ट ने गुरुवार (2 मई) को जीएसटी एक्ट, कस्टम एक्ट और पीएमएलए के प्रावधानों को चुनौती देने वाली 281 याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हम नागरिकों की आजादी छीनने से बचाने के लिए दिशा-निर्देश तय कर सकते हैं, लेकिन उनका उत्पीड़न नहीं होने देंगे। दरअसल, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने कहा था कि जीएसटी एक्ट के तहत अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हैं। गिरफ्तारी नहीं की जाती है, लेकिन लोगों को नोटिस जारी करके गिरफ्तारी की धमकी दी जाती है। यह लोगों की स्वतंत्रता को कम कर रहा है। इस पर जस्टिस संजीव खन्ना, एमएम सुंदरेश और बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने केंद्र की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सभी मामलों में लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा जा सकता है। बेंच ने कहा कि धोखाधड़ी के मामलों और अनजाने में हुई चूक के बीच अंतर होना चाहिए। कोर्ट ने जीएसटी एक्ट की धारा 69 में गिरफ्तारी की शक्तियों पर स्थिति साफ न होने पर चिंता जाहिर की। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वह सेंट्रल जीएसटी एक्ट के तहत नोटिस और गिरफ्तारियों से जुड़ा डेटा इकट्ठा करेंगे।

# पूरी दुनिया को दिशा दिखाएगा भारत : शिवराज

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को विदिशा लोकसभा के रेहटी, बकतरा, शाहगंज और उमरावगंज में जनसंपर्क कर जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने अपनी जन्मभूमि बुधनी विधानसभा क्षेत्र में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि, आज मुझे वो दिन याद आ रहे हैं। जब यहां से मैंने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की थी। मुझे आप लोगों ने प्यार दिया, आशीर्वाद दिया, जिसके कारण मैं पहली बार विधायक बना। मेरे राजनैतिक जीवन के साथी यहां मौजूद है। हम कीचड़ में गांव-गांव जाते थे और धरने के लिए लोगों को लाते थे। आपने ही सांसद बनाया फिर आपकी ही की कृपा से मध्यप्रदेश का चार बार मुख्यमंत्री भी बना। मुख्यमंत्री बन गए तो अंहकार में



चूर नहीं बल्कि मैंने खुद को हमेशा आपका सेवक माना है। मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। आज भी दिन-रात एक ही धुन है कि, बाकी बचे जीवन में जनता के लिए कैसे बेहतर काम करूं।

पूर्व सीएम ने कहा कि, मैं नेता और आप जनता नहीं हैं, हम सब एक परिवार है। तुमसे ही मेरा अस्तित्व है और मैंने पूरे हिंदुस्तान में तुम्हारी पहचान बनाने की कोशिश की है। मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। यहां रहकर मैंने आप लोगों की एक-एक तकलीफ दूर करने की कोशिश की है। पूरे प्रदेश के लिए दिन और रात मैंने जी और जान से काम किया। कभी किसी का दिल नहीं दुखाया। विधायक के रूप में मैंने आपकी सेवा की है। अब पार्टी ने तय किया है कि मैं दिल्ली जाऊं। अब विधायक के नाते मेरा विदाई का समय है। इसलिए आज मैं आपसे कहने आया हूँ, कि अगर मैंने अच्छा काम किया है, तो ऐसी विदा देना कि पूरे देश में मेरा काम दिखे। मैं भारी मन से कह रहा हूं कि, आपको छोड़ नहीं सकता। मैं जिऊंगा तो आपके लिए और मरूँगा तो आपके लिए। ये चुनाव परिवार का चुनाव है। इस चुनाव में सांसद का फैसला नही होना बल्कि इस चुनाव में फैसला होना है कि कोई अच्छा काम करता है तो जनता उसे उठाकर कैसे ऊपर ले जाती है।

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि, तुम ही शिवराज हो, तुम ही विदिशा से उम्मीदवार हो, सभी भाई, सभी बहनें और भांजे-भांजियां घरों से निकलें और चार दिन बचे हैं, ये चार दिन मुझे दे दीजिए और चुनाव प्रचार में जुट जाएं। घर-घर संपर्क करें और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। गर्मी के दिन हैं लेकिन ये राष्ट्र के भविष्य और निर्माण का चुनाव है। इसलिए 100 प्रतिशत मतदान होना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि, मोदी जी युगपुरूष, युगदृष्टा हैं। मोदी जी के नेतृत्व में एक सम्पन्न और समृध्द भारत का निर्माण हो रहा है। कांग्रेस की सरकार में दुनिया में कहीं भी भारत का कोई मान-सम्मान नहीं था। भारत को घोटालों का देश कहा जाता था लेकिन 2014 के बाद से पूरी दुनिया में भारत की जय-जयकार हुई है। दुनिया के कोने-कोने में मोदी-मोदी के नारे लगे हैं। ये सम्मान केवल मोदी जी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों का है। पहले छोटे-छोटे से देश हमें डराते थे, लेकिन मोदी जी ने कह दिया कि, हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, और हमें किसी ने छेड़ा तो हम छोड़ेंगे भी नहीं।

# मंजूरी कही पर, रेत खनन कही और स्थान पर हो रहा

## बिना सीमांकन के रेत उत्खनन जोर शोर से रेत खदान स्थलों पर मुनारा एवं बोर्ड के नही हुये दर्शन, ठेकेदार की मनमानी

सिंगरौली

जिले में तकरीबन डेढ़ दर्जन रेत खदानें संचालित हैं। किन्तु रेत खदानों का ढाई महीने बाद भी सीमांकन नही कराया गया है। रेत का उत्खनन बिना सीमांकन के ही संविदाकार साहाकार ग्लोबल कंपनी धड़ल्ले के साथ कर रही है। खनन के लिए मंजूरी कही और पर मिली है और संविदाकार दूसरे ग्राम पंचायतों में रेत का उत्खनन एवं परिवहन कर रहा है। वही उक्त मामले में कोई अधिकारी रेत उत्खनन कंपनी पर हाथ डालने से क तरा रहे हैं।



गौरतलब है कि जिले में रेत उत्खनन एवं परिवहन का ठेका साहाकार ग्लोबल कंपनी को मिला हुआ है। जहां सूत्र बताते है कि 16 जनवरी से हर्रहवा, पिपराकुरन्द, ओरगाई, भड़सेड़ी, हर्दी, निगरी, जियावन, तलवा, रम्पा, रजमिलान, कर्सुआराजा समेत करीब डेढ़ दर्जन रेत खदाने संचालित हैं। जहां उक्त कंपनी बिना सीमांकन के ही खदानों से रेत उत्खनन एवं परिवहन कर रही है। आरोप है कि खदाने कही और मंजूर हैं। बिना सीमांकन के कारण रेत उत्खनन दूसरे पंचायतों में किया जा रहा है। यह समस्या आज से नही जब से कंपनी एवं खनिज विभाग के बीच एग्रीमेंट हुआ तब से ही यह सिलसिला चल रहा है। ताज्जुब इस बात का है कि ढाई महीने से रेत खदाने संचालित हैं। इसके बावजूरद खादानों का सीमांकन कराने के लिए किसी प्रकार जहमत नही उठाई गई है। लिहाजा रेत ठेकेदार अपने मन मुताबिक रेत उत्खनन कर परिवहन कर रहा है। चर्चाए इस बात की है कि ठेकेदार पर भोपाल के कुछ अधिकारियों का चहेता है। जिसके चलते जिले के अधिकारी ठेकेदार पर विशेष दबाव नही बना पा रहे हैं। जिसके चलते मनमानी तौर पर रेत का उत्खनन चल रहा है। रेत के खनन एवं उत्खनन के मामले में खनिज अमला कुछ भी कहने के लिए तैयार नही है। लेकिन अन्दर खाने से खबरें आ रही हैं कि मामला हाई प्रोफाइल है।

### पंचायतों से मिल रही हैं शिकायतें : प्रणव

देवसर जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रणव पाठक ने उक्त मामले के सवालों का जवाब देते हुये कहा कि यह सही है कि मुझे भी कई ग्राम पंचायतों से जहां पर खदाने संचालित हैं। वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा लिखित एवं मौखिक रूप से बताया गया है कि खदानें बिना सीमांकन के ही संचालित है। खदानें कहीं और पंचायतों में स्वीकृति है और खनन दूसरे पंचायतों में किया जा रहा है। इस संबंध में मेरे द्वारा एसडीएम देवसर एवं खनिज अधिकारी सिंगरौली को सूचित किया गया है। हमारी सरकार अवैध उत्खनन न हो इसके लिए कड़े निर्देश दे चुकी है। यह बात सही है कि कुछ अधिकारी-कर्मचारी ठेकेदार से मिलकर हमारी सरकार को बदनाम करने में लगे हुये हैं। मैं इस संबंध में शीघ्र ही कलेक्टर से चर्चा करूंगा।

### जब सीमांकन नही फिर खनन की मंजूरी कैसे?

जानकारी के अनुसार सीमांकन के पूर्व रेत खनन करने का अधिकार नही है। खनिज दफ्तर में सीमांकन की रिपोर्ट जमा करने के बाद ही संविदाकार को रेत का खनन करना चाहिए। किन्तु जिले में ऐसा नही हो रहा है। जबकि चिन्हित रेत खदानों का विधिवत सीमांकन होना चाहिए और सीमांकन में राजस्व निरीक्षक, हलका पटवारी, खनिज अमला, सर्वेयर, वन अमला एवं ठेकेदार को शामिल होना चाहिए। वही सीमांकन के बाद रेत खदान स्थल के सीमा पर चारों ओर मुनारा व साईनबोर्ड में खसरा नम्बर, स्वीकृत रेत खदान का नाम कब से कब तक खनन की मंजूरी है। ठेकेदार का नाम, टोटल रकवा का उल्लेख होना चाहिए। लेकिन रेत खदान स्थल पर कही ऐसा बोर्ड नजर नही आ रहा है। नवभारत की टीम कई रेत खदानों का मुआयना किया। जहां ओव्हरलोड से लेकर अन्य कई शिकायते ग्रामीण जनों के द्वारा दी गई।

### माड़ा, निगरी में भर्रेशाही

सूत्र बताते हैं कि निगरी पुलिस चौकी क्षेत्र में रेत कही और स्वीकृत है और जहां मंजूर है वहां गोपद नदी का पानी जमा है। रेत का खनन टिकरी में किया जा रहा है। इधर माड़ा एवं कोतवाली बैढन् क्षेत्र में भी इसी तरह का खेल हो रहा है। जहां सरकारी तंत्र ठेकेदार पर मेहरबान दिख रहा है।

# ईएलएमएस स्पोर्ट फाउंडेशन द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## बच्चो में कौशल का हो विकास : आकाश लुगुन

**सिंगरौली।** ईएलएमएस स्पोर्ट फाउंडेशन द्वारा विहार झारखंड उत्तर प्रदेश मध्यप्रदेश के आकांक्षी जिलों में प्रोजेक्ट छलांग को धरातल पर सफल बनाने केलिए गैर सरकारी संगठनों को किया प्रशिक्षित। ईएलएमएस फाउंडेशन के प्रदेश कार्यक्रम प्रबंधक आकाश लुगुन उत्तर प्रदेश कार्यक्रम प्रबंधक आराधना प्रशिक्षण मैनेजर राजीव शर्मा प्रदेश एसोसिएट विनय दाहिया अनुष्का पांडेय पिरामल फाउंडेशन से विमल श्रीवास्तव जितेंद्र विद्यार्थी की संयुक्त टीम ने जीसीआरजी महाविद्यालय लखनऊ में आयोजित किया गया।जिसमे उत्तर प्रदेश के 10 एन जी ओ एव मध्यप्रदेश के 10 एनजीओ शामिल है।



आपको बता दे की प्रोजेक्ट छलांग का उद्देश्य है की आने वाली युवा पीढ़ी में जो शारीरिक मानसिक एव बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने केलिए स्पोर्ट एक्टिविटी एव फिजिकल एजुकेशन में माध्यम से मजबूत करने के साथ स्किल डेवलपमेंट हो सके। और उन छात्र छात्रों केलिए एक प्लेटफार्म है जिनके पास कौशल से परिपूर्ण है। ई एल एम एस फाउंडेशन अवसर प्रदान करता है। प्रोजेक्ट छलांग को अभी जिले के दो विकास खण्ड प्रयोग के रूप में देखा जा रहा है। नीति आयोग के सर्वे अनुसार देश के 35 प्रतिशत आने वाली युवा पीढ़ी में शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है। इस स्थिति में भारत के भविष्य में चिंता को दर्शाती है। इससे उभरने केलिए प्रोजेक्ट छलांग के तहत विकास खंड स्तर पर कक्षा 6, 7, 8 वी के छात्रों के बीच 40 मिनट का फिजिकल एजुकेशन एव 40 मिनट की स्पोर्ट एक्टिविटी फिल्ड कोआडिनेटरों के माध्यम से संचालित की जा रही है। इस पूरे कोलाब्रेशन के लिए कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा संस्था स्तर पर लीड किया जा रहा है। प्रोजेक्ट छलांग का सफल क्रियान्यवान बनाने केलिए पिरामल फाउंडेशन की टीम विकास खंड स्तर पर सहयोग कर रही है। इस कोलोब्रेशन को विद्यालय तक ही सीमित नहीं किया जा रहा है समुदाय स्तर भी प्रत्येक गांव में वालंटियर नियुक्ति किए जा रहे है। ग्राम पंचायत के सरपंच ग्राम प्रधान आंगन बाड़ी आशा कार्यकर्ता शिक्षक शिक्षा मित्र सोसल सेक्टर तक को जगरूता के रूप में जोड़ा जा रहा है।

# रामचंद्र सेवा समिति प्रोजेक्ट छलांग की लगाई प्रदर्शनी

## प्रदेश प्रबंधक आकाश लुगुन ने किया अवलोकन

**सिंगरौली।** ईएलएमएस स्पोर्ट फाउंडेशन द्वारा विहार झारखंड उत्तर प्रदेश मध्यप्रदेश के आकांक्षी जिलों में प्रोजेक्ट छलांग को धरातल पर सफल बनाने केलिए गैर सरकारी संगठनों को किया प्रशिक्षित। ईएलएमएस फाउंडेशन के प्रदेश कार्यक्रम प्रबंधक आकाश लुगुन उत्तर प्रदेश कार्यक्रम प्रबंधक आराधना प्रशिक्षण मैनेजर राजीव शर्मा प्रदेश एसोसिएट विनय दाहिया अनुष्का पांडेय पिरामल फाउंडेशन से विमल श्रीवास्तव जितेंद्र विद्यार्थी की संयुक्त टीम ने जीसीआरजी महाविद्यालय लखनऊ में आयोजित किया गया।जिसमे उत्तर प्रदेश के 10



एन जी ओ एव मध्यप्रदेश के 10 एन जी ओ शामिल है। आपको बता दे की प्रोजेक्ट छलांग विकास खंड चितरंगी में रामचंद्र सेवा समिति की दायित्व निर्वहन में आने वाली युवा पीढ़ी में जो शारीरिक मानसिक एव बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने केलिए स्पोर्ट एक्टिविटी एव फिजिकल एजुकेशन में माध्यम से मजबूत करने के साथ स्किल डेवलपमेंट हो सके। लखनऊ उत्तर प्रदेश में तीन दिवसीय करशाला आयोजित की गई थी। जिसमे प्रोजेक्ट छलांग के तहत किए गए कार्यों की प्रदर्शनी लगा पर टीम द्वारा प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन प्रोजेक्ट छलांग के प्रदेश प्रबंधक आकाश लुगुन द्वारा निरीक्षण किया गया और टीम वर्क को देख कर सराहना की गई। प्रदर्शनी गैलरी की डिजाइन में प्रोजेक्ट छलांग टीम चितरंगी के कार्यक्रम प्रबंधक रजनीश साहू फिल्ड कोआडिनेटर चम्पिका सिंह अरुण कुमार वर्मा हरिहर चतुर्वेदी की सराहनीय भूमिका रही।

# कंडोई कंपनी के मनमानी के कारण, निगाही खदान में बन रहा विवाद का कारण

## बेरोजगारों के साथ हो रहा दगाबाजी, जिला प्रशासन के लिए चुनौती

**सिंगरौली।** निगाही परियोजना अंतर्गत सिक्कल कंपनी ओबी हटाने का काम ली हुई है अपने काम को पेटी कॉन्टैक्टर कंडोई कंपनी को दे दिया है। निगाही परियोजना अंतर्गत विस्थापित और प्रभावित लोगों को रोजगार देने की बात जिला प्रशासन ने कहा है वही डीबीएल सहित अन्य बेरोजगारों को भी कंपनी में रोजगार देने की बात किया जा रहा है लेकिन कंडोई कंपनी की मनमानी के कारण ना तो डीबीएल कंपनी के लोगों को रखा जा रहा है ना ही विस्थापित व प्रभावित लोगों को सूत्र बताते हैं कि कंपनी में काम कर रहे रंजीत सिंह ,अरुण सोनी, की मिली भगत से दलालों



को कोटा देकर बेरोजगारों से मोटी रकम वसूली किया जा रहा है । ड्राइवर की भर्ती के लिए 80000 से 100000 लिया जा रहा है वही हेल्पर वर्कर से 2 लाख से 2.50लाख रुपए तक लिया जा रहा है । जिसके कारण डीबीएल एवं स्थानीय विस्थापित प्रभावित एवं डीबीएल के लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है एनसीएल परियोजना के अधिकारी भी अपनी काली कमाई करने के लिए अधिकारियों के इशारे पर कार्य कर रहे हैं जिला प्रशासन भले ही स्थानीय लोगों को 70त्न रोजगार देने की बात कर रहा हो लेकिन कंपनी अपने मनमानी के कारण जिला कलेक्टर सहित जिला प्रशासन को खुलेआम चुनौती देते हुए कंपनी के अंदर दलाली एवं नेतागिरी का माहौल तैयार किया है जिससे लोग आपस में लड़ते रहे और दलालों के माध्यम से पैसा देने वालों को रोजगार दिया जा सके।सवाल है कि क्या स्थानीय लोगों को रोजगार मिल पाएगा या नही क्योकिं आए दिन बेरोजगार युवा नशे के गिरफ्त में ,अपराध में, शामिल हो रहे हैं पढ़े-लिखे युवा भी बेरोजगार घूमने को मजबूर है कई बेरोजगार युवा तो अपनी भविष्य को लेकर अपने जीवन लीला भी समाप्त कर लिए हैं लेकिन जिला प्रशासन और कंपनी प्रबंधक की मनमानी के कारण लोग अब परेशान हो चुके हैं अगर समय रहते यह व्यवस्था नहीं सुधरी तो कोई बड़ी घटना दुर्घटना घट सकती है जिसमें जान माल की भी खतरा होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक कंडोई कंपनी का अरुण सोनी इसी कारण इसके पहले मार खा चुका है अगर रंजीत सिंह, अरुण सोनी में सुधार नहीं हुआ तो इन्हें भी विवादों से गुजरना पड़ेगा ऐसा माहौल बनाया जा रहा है।

# अवकाश स्वीकृति तथा मुख्यालय छोड़ने के संबंध में कलेक्टर द्वारा जारी किया गया निर्देश

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला में सज्ञान में यह बात आई है कि प्राय: यह देखा जा रहा है कि जिला अधिकारी एवं उनका अधीनस्थ अमला बिना किसी सूचना के मुख्यालय से बाहर प्रस्थान कर जाते हैं जो आपत्तिजनक है तथा अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 7 के तहत, बिना अवकाश (आकस्मिक



अथवा अन्य) स्वीकृत कराये मुख्यालय से बाहर प्रस्थान करना, अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। जिसे दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा समस्त जिला अधिकारियों तथा उनके अधीनस्थ अमला को निर्देश दिये गये है कि बिना अवकाश स्वीकृत कराये तथा बिना पूर्व सूचना दिए यदि मुख्यालय छोड़ते हैं तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# डीईओ ने किया जल सेवा शिविर का शुभारंभ

**सिंगरौली।** भारत स्काउट एवं गाइड मप्र राज्य मुख्यालय भोपाल के तत्वाधान मे तथा भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ सिंगरौली द्वारा जल सेवा शिविर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया।साथ में सहायक संचालक शिक्षा कविता त्रिपाठी भी शुभारंभ अवसर पर उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश द्विवेदी जिला स्काउट प्रभारी ने किया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन नवानगर में किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जहां जलसेवा की आवश्यकता अधिक है वहां पर स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन द्वारा जल सेवा की जा रही है। यह कार्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट सिंगरौली एसबी सिंह के आदेशानुसार किया जा रहा है। इसमें स्काउटर संकठा प्रसाद शुक्ला,सुरेश कर्ण, फूलचंद बैस, राजमणि सिंह, राजेन्द्रधर द्विवेदी तथा गाइडर गिरिजा ध्रव, अनामिका दुबे, प्रतिभा चंद्राकर,जीपी विश्वकर्मा प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल नवानगर तथा प्रधानाध्यापक शास.प्राथ.शाला नवानगर व सैकड़ो की संख्या में स्काउट गाइड तथा स्काउट गाइडर उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जल सेवा शिविर के शुभारंभ अवसर पर स्काउट गाइड के सेवा कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि स्काउटिंग सुनागरिकता की शिक्षा है। इस संगठन के माध्यम से समाज में सेवा कार्य का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। ग्रीष्म ऋतु में प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है।

# बाइक की डिग्गी से 85 हजार रुपए चोरी

## सरई थाने में शिकायत दर्ज,जांच में जुटी पुलिस

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के चंद कदम दूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरई के बाउंड्री में खडी बाइक की डिग्गी से अज्ञात चारो द्वारा 85 हजार रुपए कर दिया गया। जिसकी शिकायत पीडित फरियादी ने सरई थाने में दर्ज कर कराई है। सरई पुलिस फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला पंजीबद्ध करते हुए जांच में जुट गई है। फरियादी हंसलाल साकेत पिता रामसुदंर साकेत ने 2 मई को थाने में दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि मैं यूनियन बैंक सरई से चेक के माध्यम से 85 हजार रुपए आहरित कर पैसा डिग्गी में रखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरई में अपने सासू से मिलने गया था। सास से मिलने के बाद जब बाहर आकर देखा को डिग्गी का ताला टूटा हुआ था और डग्गी से मेरे 85 हजार रुपए नही था। पीड़ित के रिपोर्ट पर सरई पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर चोरो की पता तलाश में जुट गई है।

# अनुरोध शुक्ला बने ब्लाक अध्यक्ष

## श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लाक इकाई देवसर द्वारा स्वागत समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लाक इकाई देवसर द्वारा गत 2 मई को विश्राम गृह देवसर मां स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।गौरतलब हो कि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन व मजदूर दिवस पर ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल होने सिंगरौली पहुंचे संभागीय अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में सिंगरौली जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र धर द्विवेदी द्वारा जिले के बैढन,देवसर, चितरंगी व सरई ब्लाक के ब्लाक अध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई। वहीं देवसर ब्लाक अध्यक्ष की कमान अनुरोध शुक्ला को सौंपा गया।इसी तारतम्य में ब्लाक इकाई देवसर द्वारा स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम शुभारंभ के दौरान जिला उपाध्यक्ष उजागिर प्रसाद द्विवेदी ने संगठन के विचारधाराओं से सभी सदस्य गणों को



रूबरू कराया।वहीं उन्होंने सभी पत्रकार साथियों से जनहित के मुद्दों पर बेबाक कलम की धार को चलाते रहने की गुजारिश की।स्वागत समारोह कार्यक्रम में शिरकत कर रहे जिला उपाध्यक्ष रमापति शुक्ल एवं उजागिर प्रसाद द्विवेदी ने नव नियुक्त पदाधिकारी श्री शुक्ल को माला पहनाकर मुंह मीठा कराया और उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दी।इस दौरान श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्य अम्बरीश पाठक,बृजेश द्विवेदी आशुतोष द्विवेदी,अंबुज तिवारी,दिलीप सिंह चौहान,गणेश प्रसाद चतुर्वेदी, आशुतोष चतुर्वेदी,के एस लकी पाठक, रितेश द्विवेदी,संजय गुप्ता,पुनीत चतुर्वेदी सहित अन्य पत्रकार साथियों ने मौजूद रहकर श्री शुक्ला को बधाइयां व शुभकामनाएं दी।

# हिंडालको महान में पैन हिंडालको बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ जोशभरा समापन

**सिंगरौली।** हिंडालको महान की धरती पर जोश से भरा हुआ पैन हिंडालको बैडमिंटन लीग का समापन हो गया, इस लीग में हिंडालको के मेटल इंडस्ट्री के सभी जोन से 75 से अधिक बैडमिंटन खिलाड़ी शामिल हुये,और यहां 175 से अधिक मैच खेले गये। टूर्नामेंटो में सिंगल मेन्स, सिंगल विमेन,मिक्स डबल मेंस व विमेन हर श्रेणी में मैच खेले गये, इस टूर्नामेंट में हिंडालको रेणुकूट का बोलबाला रहा ,हिंडालको रेनुकूट यूनिट से ज्यादा खिलाड़ियों ने मैच जीते,वही आदित्य बिरला कापर दहेज यूनिट के खिलाड़ियों ने भी बेहतर प्रदर्शन दिखाया,वही हिंडालको महान यूनिट भी एक फाइनल मैच जीताने में काजल सफल रही,वही फाइनल मैच में विजेता का खिताब विकिता और सौम्या रेनुकूट यूनिट से,काजल महान यूनिट से आदित्य तगाड़ी व निधि परमार दहेज यूनिट से व नीतीश और रितिक रेनुकूट के नाम रहा। टूर्नामेंट का सफल आयोजन में हिंडालको महान ने कोई कसर नहीं छोड़ी,बेहतरीन



अंतरराष्ट्रीय स्तर की मेहमान नवाजी का प्रदर्शन करते हुये हिंडालको महान ने खिलाड़ियों का दिल जीत लिया।जिसमे हिंडालको महान के खेल समिति के साथ साथ अन्य विभागध्यक्षो का अहम योगदान रहा।फाइनल मुकाबले के समापन में हिंडालको रेनुकूट के क्लस्टर सी.ओ.ओ.एन. नागेश व हिंडालको रेनुकूट के क्लस्टर मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने आयोजन समिति की प्रशंसा की। अपने उदबोधन में कलस्टर सी.ओ.ओ.एन. नागेश ने कहा कि इस तरह के खेल के आयोजन का मकसद पैन हिण्डाल्को के कर्मचारियों को एक दूसरे से मेल जोल मौक़ा दिलाना है, सभी खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल प्रतिभा के साथ ही, खेल भावना का परिचय दिया है, यह जानकर बड़ी खुशी हुई कि इन मैचों में अलग-अलग आयु वर्गों के बावजूद खिलाड़ियों के जोश में कोई अंतर नजर नही आया। सभी खिलाड़ियों का जोश वाकई में देखने लायक है , रेनुकूट मानव संसाधन क्लस्टर हेड जसबीर सिंह ने कहा कि जीवन में जितना जरूरी काम है ,उतना ही महत्वपूर्ण खेल भी है। आप अपने जीवन में कोई भी खेल खेलें उसे तन्मयता के साथ खेलें,क्योंकि खेल एक ऐसी विधा है जिसके जरिये आप जीवन मे तनावमुक्त रहने के साथ ही खुद को स्वस्थ्य भी रख सकते हैं। साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की शुभकामना दी,साथ ही इस अवसर पर बैडमिंटन खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ाया। कार्यक्रम में रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी.सिंह ने कहा कि पैन हिंडालको के शामिल खिलाड़ी व महान यूनिट द्वारा आयोजित इस बैडमिंटन प्रतियोगिता से हमारे कर्मचारी तनावमुक्त रहेंगे, और वह एक नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे।कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे हिंडालको महान के यूनिट हेड एस.सैंथिल नाथ ने कहा कि आज हमारे पैन हिंडालको में विभिन्न विधाओं के बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद हैं,जो आगे चल के विश्व पटल पर भी हिंडालको का नाम रोशन कर सकते हैं।हिंडालको महान के मानव संसाधन प्रमुख डाक्टर विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि हिंडालको अच्छे मेटल के उत्पादन के साथ-साथ बेहतरीन प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्लेटफार्म देने के लिये भी जाना जाता है,जो लोगो को बेहतर काम के साथ साथ खेल के लिए खुशनुमा अवसर देने काम किया है। जो उड़ान 24 का प्रमुख लक्ष्य है। विजेता खिलाड़ी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्लस्टर सीओओएन नागेश व क्लस्टर मानव संसाधन हेड जसबीर सिंह,हिंडालको महान के यूनिट हेड एस.सैंथिल नाथ,रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह, हिंडालको महान के मानव संसाधन प्रमुख डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा ,हिंडालको रेनुसागर के मानव संसाधन प्रमुख शैलेन्द्र सिंह ने विजयी खिलाड़ियों को विजयी ट्रॉफी प्रदान की,पुरुस्कार वितरण व खेल के सफल आयोजन मे स्मेल्टर हेड एस.शशिकुमार, खेल समिति अध्यक्ष पी.के बोष,विपुल प्रकाश सिंह पवित्र बेहरा,अनुराग गौरव व अभिषेक शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# लोक अदालत के प्रचार रथ को प्रधान जिला न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर सीधी एवं तहसील मुख्यालय चुरहट, मझौली तथा रामपुर नैकिन में दिनांक 11 मई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने नेशनल लोक अदालत के समुचित प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 03.05.2024 को प्रचार रथ को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ तथा पंप्लेट्स वितरण के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जावेगा।

इसके साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में सभी न्यायाधीशगण के साथ समीक्षा बैठक की। उक्त बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री सुधीर सिंह चौहान, विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री मुकेश कुमार, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विकास चौहान, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण श्री सोनू जैन, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, श्रीमती सोनम शर्मा, श्री अभिषेक साहू, श्री अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, श्री पंचराज तिवारी अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग, श्री मुकेश सिंह कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग सहित जिला न्यायालय के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जिला न्यायालय परिसर में 04 मई को होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 04.05.2024 दिन शनिवार को प्रात: 10:30 बजे से जिला न्यायालय स्थित ए.डी.आर. सेंटर भवन सीधी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

रक्तदान महादान है और इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। रामचरित मानस में कवि तुलसीदास ने मानव धर्म को अपनाते हुए एक दूसरे की मदद करने की बात कही है। रक्तदान प्राणदान से कम नहीं है इसीलिए इसे दुनिया का सबसे बड़ा दान है।

रक्तदान निम्न कारणों से भी आवश्यक है- रक्तदान मन के लिए अच्छा है, रक्तदान से खून साफ होता है, रक्तदान करने से गंभीर बीमारियों से होता है बचाव, रक्तदान मानसिक सेहत के लिए फायदेमंद है, रक्तदान हेल्दी लिवर के लिए अच्छा होता है।

### सीएम हेल्पलाइन की बैठक सम्पन्न

## संतुष्टि पूर्वक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें : अपर कलेक्टर



**सीधी।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर राजेश शाही ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। अपर कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों तथा अप्रैल माह में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर ने हितग्राहियों के हितलाभ वितरण तथा भुगतान संबंधी शिकायतों के निराकरण को गंभीरता से दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि फोर्स क्लोज संबंधित शिकायतों का प्रतिवेदन भेजने से पहले विभाग प्रमुख अवश्य देख लें। बैठक में संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित विभागों के जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में समर कैंप प्रारंभ

**सीधी।** उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में प्रात: 5:30 से 7:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से 6:30 बजे तक वॉलीबॉल बास्केटबॉल बैडमिंटन एवं आर्चरी की नि:शुल्क कोचिंग प्रारंभ है। उत्कृष्ट विद्यालय एवं अन्य विद्यालय के छात्र-छात्रा व ऐसे छात्र-छात्रा जो कक्षा 9वी में प्रवेश हेतु परीक्षा दिए हैं व शहर में या आसपास रहते हों विभिन्न खेलों की कोचिंग में भाग ले सकते हैं। खेलों का समर कैंप 15 जून 2024 तक चलेगा।

# संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ



सीधी

प्राचार्य संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी ने जानकारी देकर बताया कि जिले के अग्रणी संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में उच्च शिक्षा भोपाल के निर्देश पर दिनांक 1 मई 2024 से 20 मई 2024 तक स्नातक का और 02 मई 2024 से 21 मई 2024 तक स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। उपरोक्त तिथि में छात्र अपना ऑनलाइन पंजीयन करकर प्रवेश ले सकते हैं जो छात्र- छात्रा महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं वो ऑनलाइन आवेदन करें। छात्रों के समस्त दस्तावेज ऑनलाइन वेरिफिकेशन किया जाएगा छात्रों को महाविद्यालय में आने की आवश्कता नहीं है। निर्धारित समय पर उनको प्रवेश संबंधित जानकारी मोबाइल में उपलब्ध हो जाएगी यदि त्रुटि इत्यादि छात्रों के फॉर्म में रहती है।

# 30 दिवसीय प्रस्तुतिपरक अभिनय नाट्य कार्यशाला आरम्भ

रीवा

मण्डप सांस्कृतिक शिक्षा कला केंद्र रीवा की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था है, प्रतिवर्ष की भांति ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला का आयोजन दिनांक 1 मई से श्रमजीवी पत्रकार भवन, कला मंदिर में सुबह 10:00 बजे से 2:00 बजे तक चल रही है। कार्यशाला में आयु का बंधन नहीं है कार्यशाला में नाट्य मंचन के विभिन्न आयामों के बारे में प्रशिक्षणार्थी सीख रहे हैं इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से अभिनेता और चरित्र की तैयारी, नेपथ्य के अभ्यास, कलाकारों को प्रदान की जा रही है। कार्यशाला का निर्देशन विनोद कुमार मिश्रा कर रहे है उन्होंने बताया की कार्यशाला के दौरान कलाकार नाट्य अध्ययन, शारीरिक गतियाँ, रूपसज्जा , वस्त्र विन्यास, प्रकाश परिकल्पना, मंच परिकल्पना , मंच सामग्री, अभ्यास, लाठी प्रशिक्षण, लोकनृत्य, लोकसंगीत और व्यायाम सिखाया जा रहा है। ये अभिनेता की तैयारी के लिए बहुत ही ज्यादा आवश्यक होती है। मण्डप से प्रशिक्षित कलाकार आज देश के हर बड़े मंच पर काम कर रहे हैं वह निर्देशन के क्षेत्र में अभिनय एवम नेपथ्य में लगातार कार्य कर मण्डप रीवा का नाम रोशन कर रहे हैं मण्डप की अध्यक्ष चंद्रकांता मिश्रा ने कहा संस्था समय-समय पर नाट्य कार्यशालाओं की आवश्यकता को पूरी करती आई है यहां आप अपने और आपनी कला को निखार सकते हैं आज मीडिया में बहुत स्थानों पर कार्य के अवसर हैं जहां हम अभिनय का प्रदर्शन कर सकते हैं फिल्मों, सीरियल्स, ओटीटी प्लेटफॉर्म, एवं यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम के माध्यम से आप अभिनय को दर्शकों के बीच प्रदर्शित कर सकते हैं और सुना सकते हैं। इसके लिए रंगमंच की जानकारी होना जरूरी है।



नाट्य कार्यशाला के दौरान एक नाट्य प्रस्तुति की भी तैयारी की जा रही है। नाट्य कार्यशाला मे प्रशिक्षक के रूप में कुंवर सुधीर सिंह नेपथ्य के लिए,राजमणि तिवारी भोला भाई लाठी तथा लोकनृत्य के लिए,विपुल सिंह स्क्रिप्ट राइटिंग के लिए,यशो शास्त्री नाट्य संगीत के लिए एवं विनोद कुमार मिश्रा कार्यशाला निर्देशक होंगे। जिन कला प्रेमियों को इस कार्यशाला से जुड़ना है वह कला मंदिर में पत्रकार भवन मे आकर सुबह 10:00 से दोपहर 2:00 बजे तक संपर्क करें।

# टीआरएस महाविद्यालय के सैकड़ो साथियों ने ग्रहण की एनएसयूआई की सदस्यता



**रीवा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जो कि कांग्रेस पार्टी की छात्र शाखा है कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से सैकड़ो साथियों ने प्रभावित होकर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के हाथो एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण की है, जारी प्रेस विज्ञप्ति में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जो की कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से छात्र हित में लगातार काम करती है उससे टीआरएस कॉलेज के कई छात्र प्रभावित होकर एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण की है और सदस्यता ग्रहण के दौरान दो इकाई अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई जिसमे निष्कर्ष मिश्रा को महाविद्यालय का इकाई का अध्यक्ष वा वैष्णवी सिंह को महिला विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, सदस्यता के दौरान एनएसयूआई जिला संगठन मंत्री शिवम मिश्रा जिला उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह,टीआरएस महाविद्यालय पूर्व द्वय अध्यक्ष प्रतीक द्विवेदी वा वैशाली मिश्रा,चिरहुला ब्लॉक अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी मौजूद रहे, सदस्यता लेने वालो में प्रमुख रूप से ऋषभ द्विवेदी शिवम तिवारी अमन वर्मा सीपी मिश्रा शिवम पांडे अहेद खान हिमांशु तिवारी सुजल सिंह ऋतिक तिवारी सागर पांडे शिवेंद्र मिश्रा ओम तिवारी पलक तिवारी आकांक्षा यादव प्राची वर्मा शैलजा मिश्रा आदि सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# विश्व प्रेस दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता ने कलमकारों को दी बधाई

**रीवा।** सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता दीपक गुप्ता ने विश्व प्रेस दिवस के अवसर पर इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बन्धुओं को बधाई दी। उन्होने कहा कि वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा की थी, यह दिवस प्रेस स्वतंत्रता के प्रति अपनी प्रतिवद्धता का सम्मान करने की आवश्यकता के प्रति सरकारों के अनु स्मारक के रूप में कार्य करता है, विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2024 में अपना 31वां वर्षगांठ मना रहा है। उन्होने कहा कि विश्व के 180 देशो में प्रेस की स्वतंत्रता में भारत का स्थान 159वां है इसी से समझा जा सकता है कि क्या भारत देश में प्रेस स्वतंत्र है? उन्होने कहा कि हमारे कलमकार जनता की आवाज को सरकार के समक्ष लाने का प्रयास करते है वावजूद इसके सरकार के नुमाइन्दे कलमकारों की आबाज को दवा देते हैं। पूरे भारत देश में 2014 के बाद से प्रेस की आजादी पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। दीपक गुप्ता ने कहा कि आज हमारे देश के प्रेस एक व्यक्ति एक पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। 2014 के पहले प्रेस में कार्य करने वाले हमारे भाईयों को जो सम्मान मिलता था आज अब वह नहीं मिलता।

# एनसीएल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया खनिक अभिनंदन दिवस

**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोल?ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) में खनिक अभिनंदन दिवस 2024 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एनसीएल स्टेडियम, सिंगरौली में आयोजित केन्द्रीय कार्यक्रम में सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम बतौर मुख्य अतिथि एवं निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, सीवीओ एनसीएल रविन्द्र प्रसाद, श्रमिक संघ से जेसीसी सदस्य अजय कुमार (सीएमएस), ओपी मालवीय (आरसीएसएस), श्यामधर दुबे (बीएमएस), अशोक पांडे (केएसएस), सीएमओएआई महासचिव सर्वेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान कृति महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती बीके दुर्गा व उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता कुमार, श्रीमती संगीता नारायण, श्रीमती शोभा मलिक, श्रीमती बीना सिंह और श्रीमती नीतू प्रसाद उपस्थित रहीं। इस दौरान सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम ने अपने उद्बोधन में एनसीएल टीम एवम् हितग्राहियों को खनिक अभिनंदन दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने विगत वर्ष एनसीएल द्वारा उत्पादन , प्रेषण और ओवरबर्डेन लक्ष्यों को पूरा करने में सभी कर्मियों के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कंपनी की सुदृढ़ीकरण के लिए किए गए पूंजी निवेश के बारे में भी जानकारी दी। सीएमडी श्री साईराम ने एनसीएल को सभी मानकों पर अग्रणी कंपनी बताया और कहा कि एनसीएल की 9 खदानों को कोयला मंत्रालय द्वारा 5 स्टार रेटिंग मिलना गौरव की बात है। इस दौरान उन्होंने कंपनी की पर्यावरण संरक्षण एवम् हरित खनन की दिशा में किए जा रहे कार्यों को रेखांकित किया । साथ ही उन्होंने कहा कि एनसीएल उच्च चिकित्सा और शिक्षा सुविधाओं सहित कर्मचारी कल्याण और स्थानीय समाज के समग्र विकास को कटिबद्ध है। निदेशक कार्मिक मनीष कुमार ने एनसीएल टीम को खनिक अभिनंदन दिवस की बधाई दी एवम् कहा कि एनसीएल सदैव सभी कर्मियों के कल्याण को समर्पित है और आने वाले समय में एनसीएल कर्मचारी कल्याण व समाज के उत्थान की दिशा में नई इबारत लिखेगी। निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण ने अपने संबोधन में एनसीएल को उत्पादकता के क्षेत्र में कोल इंडिया की अग्रणी कंपनी बताया और कहा कि एनसीएल की सफलता का श्रेय सभी कर्मियों के अभूतपूर्व योगदान को जाता है। केन्द्रीय कार्यक्रम के दौरान निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक ने कहा कि एनसीएल ने वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन, प्रेषण व ओवरबर्डेन में लक्ष्य से अधिक सफलता हासिल किया है । उन्होंने एनसीएल के मशीनी बेड़े के नवीनीकरण की बात कही एवम् एनसीएल को कोल इंडिया की सबसे बड़ी वॉल्यूम हैंडलिंग कंपनी बताया। खनिक अभिनंदन दिवस के केन्द्रीय कार्यक्रम के दौरान निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह ने कहा कि सदैव उत्कृष्ट कार्य करने की ललक ही निरंतर उम्दा प्रदर्शन करने के लिए सभी को अभिप्रेरित करती है। उन्होंने सभी एनसीएल कर्मियों से कंपनी की निरंतर प्रगति एवम् देश की ऊर्जा संरक्षा हेतु कटिबद्ध रहने का आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मशहूर गायक कुमार सत्यम और मैथिली ठाकुर ने मधुर गीतों से बांधा समाँ खनिक अभिनंदन दिवस के अवसर पर सिंगरौली स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# प्रेस के द्वारा समाज को मजबूती मिलती है : सिंह

### प्रेस समाज की चेतना को जगाये रखने का काम करती है : रूचि दिव्या

### यूसीएन मास पब्लिक स्कूल में अंन्तर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया



**सीधी।** यूसीएन मास पब्लिक स्कूल के बच्चो ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया। जिसका मुख्य उद्देश्य था, प्रेस की स्वतंत्रता के बारे में बच्चों को ड्राइंग के एवं परिचर्चा के द्वारा बच्चों को जागरूक करना। जिससे प्रेस के प्रति हम सभी का सम्मान बढ़े और प्रेस के कर्तव्य को जाने।

परिचर्चा के दौरान बच्चों को बताया गया कि संविधान की अनुच्छेद 19 के तहत निहित अभिव्यक्ति कि स्वतंत्रता होती है। जिसमें में प्रेस क्षेत्र, राज्य, राष्ट्र के बारे में अपने स्वतंत्रत निष्पक्ष खबरों को समाज के सामने लाये। क्योंकि हर व्यक्ति किसी एक काम में रूचि लेता है जिससे समाज की समस्त जानकारी से दूर रहता है और हमारे बीच में प्रेस ही एक ऐसा माध्यम है दूर से दूर बैठे किसी अच्छी या बुरी खबर को अपने जान परवाह न करते हुए एक स्पष्ट संदेश लोगो तक पहुँचाते है। ऐसा मालूम होता है कि सम्पूर्ण शरीर में जिस तरह रक्त का संचार होता है ठीक उसी तरह खबरों के द्वारा लोगो मन और मष्तिक में अमिट छाप छोड़ता है। इसलिए हम सभी यही चाहते है कि प्रेस में स्वतंत्रता होनी चाहिए। स्वतंत्र विचारो से ही राष्ट्र और समाज का निर्माण हो सकता है। इसीलिए कहा गया कि स्वतंत्रता के बिना, प्रेस कुछ भी नहीं है और प्रेस के बिना समाज कुछ भी नहीं है।

परिचर्चा के दौरान स्कूल के बच्चो ने भी इस तरह अपनी राय रखी, कि प्रेस के द्वारा हमें अपने शिक्षा के बारे में सम्पूर्ण जानकारी मिलती है एवं सफल बच्चों के साक्षात्कार के द्वारा भी हमें खूब सीखने को मिलता है जो हमारे भविष्य के लिए गाइड लाइन का काम होता है। शिक्षको ने भी अपनी राय रखी की बच्चो मोबाइल गेम, वीडियो की जगह न्यूज में अपनी अच्छी पकड़ रखना चाहिए क्योंकि यह समाज पर आधारित सच्ची घटनायें होती है, जो भविष्य में हमें परिक्षाओं के दौरान काम आयेगी।

## संपादकीय

### शोषण का दाग

लोकतंत्र और संविधान का संदेश यही है कि भारतीय राजनीति में जनसेवा के अलावा और किसी अन्य कार्य के लिए कोई स्थान नहीं है। सेवा की प्रधानता के बावजूद हासन के निवर्तमान सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लगे यौन शोषण के आरोप बहुत गंभीर और शर्मनाक हैं। रेवन्ना देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पौत्र हैं और उन पर ऐसे आरोप लगे हैं कि उन्हें अब कोई भी कुल का दीपक नहीं कहेगा। दबी जुबान में रेवन्ना की हरकतों की चर्चा पहले भी होती होगी, पर इन दिनों भाजपा के एक नेता के पत्र ने बहुतों को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा के यह नेता काफी दिनों से प्रयासरत थे कि रेवन्ना को फिर टिकट न मिले। कहा जा रहा है कि भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने हासन लोकसभा सीट के लिए एनडीए उम्मीदवार के रूप में रेवन्ना के नाम की घोषणा से पहले ही भाजपा के स्थानीय नेताओं को प्रमाण के साथ सूचित कर दिया था, पर रेवन्ना के खिलाफ शिकायतों को दरकिनार कर चुनाव लड़वाया जा रहा है। कुछ ऐसे वीडियो भी बताए जा रहे हैं, जिनसे रेवन्ना के खिलाफ मामला बनता है, उसके बावजूद उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए टिकट दिया गया। जनता दल-सेकुलर के इस नेता पर लगे आरोप अगर सच हैं, तो फिर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। हमारा समाज ऐसे मुकाम पर आ गया है, जहां हम किसी महिला के साथ न तो ज्यादती की बात सुन सकते हैं और न किसी को करने दे सकते हैं। कोई अचरज नहीं कि आज सवालों का अंबार लग गया है। रेवन्ना जैसे युवा राजनीति में क्या कर रहे हैं? ऐसे युवाओं को राजनीति में कौन आगे बढ़ा रहा है? क्या जीत का मजबूत समीकरण किसी नेता के चरित्र से ज्यादा महत्वपूर्ण है? ऐसे कौन नेता हैं, जो सब कुछ जानने के बावजूद रेवन्ना के पक्ष में खड़े हैं? जनता दल-सेकुलर के लिए यह शर्मनाक पल है। गठबंधन की राजनीति की वजह से ही ऐसे दलों का महत्व बना हुआ है, वरना सेवा की जिम्मेदारी के साथ ऐसा खिलवाड़ भला कौन बर्दाश्त करेगा? ऐसा नहीं है कि किसी पार्टी का दामन बिल्कुल साफ है, अतः हरेक पार्टी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। भारतीय राजनीति में इस तरह के दाग वाले कितने नेता हैं? अब अगर कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो क्लिप प्रसारित होने लगे हैं, तो वर्तमान कर्नाटक सरकार इस पूरे मामले को गंभीरता से ले।

**तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव से पहले फेक वीडियो के माध्यम से जिस तरह से भाजपा को एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का विरोधी साबित करने की कोशिश की गई, वह अपने आपमें इंटरनेट मीडिया की उपयोगिता और प्रासंगिकता पर एक यक्ष प्रश्न है! सच कहूं तो यह इंटरनेट मीडिया की त्रासदी है, जिसके खिलाफ प्रिंट मीडिया जैसे सख्त और प्रभावशाली नियमन की दरकार है। दरअसल, इस फेक वीडियो में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के दिग्गज रणनीतिकार अमित शाह को आरक्षण को खत्म करने का ऐलान करते हुए दिखाया गया है। जबकि हकीकत यह है कि असली वीडियो में अमित शाह एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण को बनाए रखने की बात कहते हैं।**

# इंटरनेट मीडिया की त्रासदी- अमित शाह का फेक वीडियो, आरक्षण और सियासी आंच

(कमलेश पांडे)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिट किये गए वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन्स (आईएफएसओ) यूनिट ने कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पूछताछ के लिये 1 मई को दिल्ली बुलाया है।

तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव से पहले फेक वीडियो के माध्यम से जिस तरह से भाजपा को एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का विरोधी साबित करने की कोशिश की गई, वह अपने आपमें इंटरनेट मीडिया की उपयोगिता और प्रासंगिकता पर एक यक्ष प्रश्न है! सच कहूं तो यह इंटरनेट मीडिया की त्रासदी है, जिसके खिलाफ प्रिंट मीडिया जैसे सख्त और प्रभावशाली नियमन की दरकार है। दरअसल, इस फेक वीडियो में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के दिग्गज रणनीतिकार अमित शाह को आरक्षण को खत्म करने का ऐलान करते हुए दिखाया गया है। जबकि हकीकत यह है कि असली वीडियो में अमित शाह एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण को बनाए रखने की बात कहते हैं।

यही वजह है कि अमित शाह का फेक वीडियो प्रसारित होने के बाद गृह मंत्रालय ने दो दिन पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को शिक़ायत दी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त के निर्देश पर आईएसएफओ यूनिट ने धारा-153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना), 153 ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्यता बढ़ाना), 465 (जालसाजी), 469 (पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने) और 171 जी (चुनाव परिणाम प्रभावित करने के इरादे से गलत बयान प्रकाशित करना) में केस दर्ज किया है।

वहीं, इस मामले पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों महाराष्ट्र के सतारा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 21 वीं सदी में टेक्नोलॉजी का बड़ा उपयोग और महत्व है। मैंने इंटरनेट मीडिया का उपयोग हमेशा जनता-जनार्दन से जुड़ने के लिए किया है, मगर आजकल एक बात परेशान करने वाली है। जो लोग भाजपा और राजग से सच्चाई, मुद्दों और अपने काम के आधार पर आमने-सामने राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ पा रहे हैं, वे अब इंटरनेट मीडिया पर फेक वीडियो फैला रहे हैं। वे हमारी पार्टी के नेताओं की आवाज में फर्जी वीडियो बनाकर गलत संदेश फैला रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। आपको जब भी फेक वीडियो मिले, पुलिस को तुरंत सूचित करें।



बहरहाल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिट किये गए वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन्स (आईएफएसओ) यूनिट ने कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पूछताछ के लिये 1 मई को दिल्ली बुलाया है। पुलिस ने उन्हें स्वयं द्वारा प्रयोग किये जाने वाले सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी साथ लेकर आने को कहा है, क्योंकि रेड्डी ने भी एक एडिट वीडियो को एक्स पर पोस्ट किया था।

इतना ही नहीं, दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना के छह लोगों को नोटिस भेजा है, जिसमें तेलंगाना कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुमुला रेवंत रेड्डी, माने सतीश, नवीन, शिवशंकर, अस्मा तस्लीम भी शामिल हैं। इस मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की एक टीम हैदराबाद पहुंच चुकी है और एक शख्स को हिरासत में लिया है। वहीं, इस मामले में असम पुलिस ने एक व्यक्ति रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है, जो कांग्रेस से जुड़ा है और पार्टी के वार रूम कोऑर्डिनेटर के रूप में काम करता है।

इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि वह दिल्ली पुलिस के नोटिस से डरेंगे नहीं। कर्नाटक के सेदम में कांग्रेस की एक रैली में रेड्डी ने आरोप लगाया कि उन्हें जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस के अधिकारी हैदराबाद में तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए हैं। उनके पास नोटिस था, जिसमें बताया गया था कि वह तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करेंगे। इसका मतलब है कि नरेंद्र मोदी जी चुनाव जीतने के लिए ईडी, आयकर विभाग, सीबीआई का दुरुपयोग बन्द करके अब दिल्ली पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं। मगर यहां कोई डरने वाला नहीं है। यहां लोग इसका जवाब देंगे। भाजपा तेलंगाना और कर्नाटक का चुनाव हारेगी।

इससे साफ है कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले आरक्षण का मुद्दा गरमा गया है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने और एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के कांग्रेस के हमले की काट के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी ने यूपी के पूर्व डीजीपी व सांसद बृजलाल को मैदान में उतारा है। बृजलाल ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को वंचित, आरक्षण, बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान का विरोधी बताया। उन्होंने 1961 में तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू के सभी मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र का हवाला देते हुए कहा, कांग्रेस को शुरू से आरक्षण पसंद नहीं है।

भाजपा सांसद बृजलाल ने एक कदम और आगे बढ़कर भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने के आरोप को अफवाह बताते हुए कहा, कांग्रेस ने संविधान में सबसे ज्यादा बदलाव किया है। कांग्रेस सिर्फ भीम-मीम का ढोंग करती है, जबकि उसके दिल में सिर्फ मीम-मीम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आंध्रप्रदेश में ओबीसी कोटा कम कर मुसलमानों को आरक्षण दिया। उसी तरह से कर्नाटक में भी ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया।

वहीं, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व भाजपा मीडिया विभाग के प्रमुख अनिल बलूनी के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही चुनाव प्रचार में डीप फेक से जुड़े कई मामले भी आयोग के सामने पेश किए हैं।

ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि जिस तरह से इंटरनेट मीडिया/सोशल मीडिया पर मीडिया मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, वह समकालीन लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है।

# आतंकियों के खिलाफ क्या भारत ने बदल ली रणनीति

**हां, यह सही है कि पश्चिम के अनेक देश ऐसा ही आक्रामक कदम अपने कथित दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए उठाते रहे हैं, पर ऐसे मामलों में दुराव-छिपाव अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की एक बुनियादी विशेषता रहा है। यदि आपके पास ताकत है, तो नियमों के पालन के मद्देनजर आपकी कथनी और करनी अलग हो सकती है। हालांकि, बहुत से लोग यह मानते हैं कि विश्व स्तर पर भारत अभी इतना मजबूत नहीं बन सका है कि वह विदेश में ऐसा कुछ कर सके। इसी आधार पर कुछ विशेषज्ञ भारत की कथित कार्रवाई का आकलन करते हैं। इस प्रकरण के तीन पहलू उल्लेखनीय हैं।**

(प्रशांत झा)

अमेरिकी अखबार द वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश एक भारतीय खुफिया अधिकारी ने रची थी। पन्नू वही आतंकी है, जिसे अमेरिका और कनाडा ने अपनी नागरिकता दे रखी है। यह रिपोर्ट पश्चिम के नजरिये से इस मामले के कई अन्य पहलुओं पर भी रोशनी डालती है। मसलन, उनका आकलन है कि भारत सरकार ने यह माना कि इन चरमपंथियों ने भारत की सुरक्षा के सामने सीधा खतरा पैदा किया है। अपनी राजनीतिक प्रवृत्ति या खालिस्तानी गतिविधियों में वृद्धि के कारण; या 2020-21 के किसान आंदोलन के बाद सुरक्षा के मद्देनजर बचाव के लिए उसने कदम उठाने का फैसला किया। शायद सरकार विरोधी-प्रदर्शन के बाद विदेशी सरजमीं पर रहने वाले खालिस्तानियों ने घरेलू राजनीतिक घटनाओं को आकार देने की क्षमता हासिल कर ली थी या पश्चिमी एजेंसियों की उदासीनता से निराश होकर या इस पूर्व धारणा के तहत कदम उठाया कि पश्चिमी एजेंसियां कोई कार्रवाई नहीं करेंगी। एक अनुमान है कि भारत के खुफिया विभाग के एक गुट ने अन्य कूटनीतिक विकल्पों पर गौर किए बिना अलगाववादी खतरे का जवाब देने का फैसला किया।

हालांकि, इन आरोपों में अतिरेक है। अमेरिका-भारत की बहुमूल्य रणनीतिक साझेदारी की कीमत पर एक खालिस्तानी आतंकी को मारने की साजिश को कोई उचित नहीं ठहरा सकता। सेवारत और सेवानिवृत्त खुफिया अधिकारियों ने निजी बातचीत में बताया है कि योजना व क्रियान्वयन, दोनों स्तरों पर यह ऑपरेशन उनके गले नहीं उतर रहा है।

हां, यह सही है कि पश्चिम के अनेक देश ऐसा ही



आक्रामक कदम अपने कथित दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए उठाते रहे हैं, पर ऐसे मामलों में दुराव-छिपाव अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की एक बुनियादी विशेषता रहा है। यदि आपके पास ताकत है, तो नियमों के पालन के मद्देनजर आपकी कथनी और करनी अलग हो सकती है। हालांकि, बहुत से लोग यह मानते हैं कि विश्व स्तर पर भारत अभी इतना मजबूत नहीं बन सका है कि वह विदेश में ऐसा कुछ कर सके। इसी आधार पर कुछ विशेषज्ञ भारत की कथित कार्रवाई का आकलन करते हैं। इस प्रकरण के तीन पहलू उल्लेखनीय हैं।

पहला, न तो वाशिंगटन और न नई दिल्ली ने इस मुद्दे के बहाने द्विपक्षीय संबंधों को बेपटरी करने की कोशिश की है। यह भारत-अमेरिकी रिश्ते की ताकत, शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के आपसी विश्वास, खुलेपन के साथ वार्ता और दोनों सरकारों की चीन के रूप में मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी कूटनीतिक चुनौती पर एकमत रहने की मंशा का उल्लेखनीय प्रमाण है। इस घटनाक्रम की खास बात यह नहीं है कि अमेरिका नाराज है, उसने इसे बाकी मसलों से अलग रखने का फैसला किया। यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी टीम ने भारत की कूटनीतिक योजनाओं पर अभी भी पूरा भरोसा बनाए रखा है।

दूसरा, इससे यह भी आशंका होती है कि शायद अमेरिका इससे वाकिफ है कि भारत में इस ऑपरेशन के बारे में कौन-कौन जानता था। बहरहाल, चंद अमेरिकी अधिकारियों की मानें, तो यह योजना जून में उस वक्त बनाई गई थी, जब भारतीय सुरक्षा सलाहकार अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ द्विपक्षीय कूटनीतिक रिश्तों को मजबूत बनाने में जुटे थे। जाहिर है, अमेरिका और भारत के बीच आपसी भरोसा बना हुआ है। खास यह भी कि अमेरिका ने भारत में बनी एक जांच समिति को भी मान लिया है।

तीसरा, इस मामले में फिलहाल कानूनी जवाबदेही तय करने की अमेरिका की मांग घरेलू कार्रवाई करने संबंधी भारत की स्वेच्छा से टकरा रही है, पर बात शायद इससे आगे नहीं बढ़ेगी। मोटे तौर पर, पश्चिम के सार्वजनिक विमर्शों में भारत की प्रतिष्ठा बनी रहेगी, लेकिन जो महत्वपूर्ण बात है, वह यह है कि भारत आगे के लिए कोई बदलाव करता है या नहीं? खासकर ऐसे समय में, जब नई दिल्ली पर दुनिया भर की नजर है। यह देखना प्रासंगिक होगा कि भारत खुफिया सुधारों की तरफ कितना बढ़ता है? सीमा पार के खतरों से निपटने में कितनी अधिक समझदारी का परिचय देता है?

## वर्ग पहेली 5359

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | | ■ | 8 | |
| | ■ | | ■ | 9 | 10 | | ■ |
| ■ | 11 | ■ | 12 | | | ■ | ■ |
| 13 | | 14 | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| 17 | | | 18 | ■ | 19 | 20 | |
| | ■ | 21 | | ■ | ■ | 22 | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. यह विश्व का सबसे ऊंचा पठार है जिसे विश्व की छत भी कहा जाता है (3)
4. पश्चिमी भारत में स्थित एक राज्य है जहां का प्रसिद्ध व्यंजन खमण है (4)
7. फूल जैसा बदन या कोमल अंगों वाला या वाली (5)
8. शरीर पर काले रंग का गहरा दाग (2)
9. यह ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है जिसे अंग्रेजी में रोज कहा जाता है (3)
12. अख्यात, अप्रसिद्ध, गुमनाम (3)
13. मैथिलीशरण गुप्त की एक प्रसिद्ध कृति, अयोध्या नगरी को यह भी कहते है (3)
15. किसी शहर या कस्बे का प्रवेश स्थल (2)
17. खुदपरस्त, खुदगर्ज, स्वार्थी (4)
19. दरवेश, भिक्षुक, भिखमंगा (3)
21. लोहार का बड़ा हथौड़ा (2)
22. किसी फूल का अर्धविकसित रूप (2)
23. शिगाफ, दरज (3)
24. जलधि, उदधि, समुद्र (3)

**ऊपर से नीचे**
1. जुगाली, चर्वण, रोमंथ (3)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
3. एक वृक्ष के रस को पकाकर बनाया जाने वाला अत्यंत लचीला पदार्थ (3)
4. अस्पष्ट व धीरे-धीरे बोलना या गाने की क्रिया यह कहलाती है (5)
5. पशुओं का दैनिक आहार, एक दिन की खुराक (3)
6. सात पातालों में से पहला, पेंदा (2)
10. खरी-खोटी, अपशब्द, बेहूदा बातें (4)
11. इशारा, इंगित, प्रतीक (3)
13. इस वेद से भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ होता है और गांधर्व वेद इसका उपवेद है (4)
14. तहखाना, जमीन के नीचे का बना कमरा (4)
16. बंसी या बांसुरी को यह भी कहा जाता है (3)
18. सपेरों का प्रसिद्ध वाद्य (2)
20. बबूल के पेड़ को यह भी कहते है (3)

### वर्ग पहेली 5358 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | न | ■ | वा | ल्मी | कि | ■ | सी |
| फ | ल | दा | न | ■ | शो | ध | क |
| मि | क | दा | र | ■ | र | न | र |
| नि | ■ | ■ | ■ | शं | कु | ■ | ■ |
| स्ट | डी | ■ | ■ | का | मा | य | नी |
| र | न | वे | ■ | क | र | दा | ता |
| ■ | ■ | त | ■ | र्ता | ■ | क | ■ |
| सा | ध | न | ■ | ■ | मै | दा | न |

# परीक्षा की घड़ी, युद्ध के विरुद्ध छात्रों का प्रदर्शन

(उत्कर्ष गहरवार)

चुनावी साल में ये प्रदर्शन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। गाजा में मृतकों की बढ़ती संख्या हालात को और गंभीर बना रही है। 7 अक्टूबर को हुए हमास के आतंकी हमले के बाद शुरू हुई इस जंग में अब तक 34,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। गाजा में हमास और इस्राइल के बीच चल रही जंग के खिलाफ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में शुरू हुए विरोध-प्रदर्शनों का दायरा फैलता जा रहा है। शनिवार को हुई सालाना वाइट हाउस रिपोर्टर्स डिनर पार्टी भी इसके साये से नहीं बच सकी।

**प्रदर्शन का फैलाव**- गाजा में आम फलस्तीनी आबादी पर इस्राइली हमलों के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन तो काफी पहले से हो रहे हैं, लेकिन कुछ खास जगहों पर किए जा रहे इन प्रदर्शनों का स्वरूप शुरू में सांकेतिक ही था। मामला गंभीर तब हुआ, जब कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोटेस्ट शुरू हुआ और वह कई और विश्वविद्यालयों में फैल गया।

**छात्रों की मांग**- प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि इन संस्थानों को इस्राइल से अपने वित्तीय संबंध खत्म कर देने चाहिए और उन कंपनियों से भी दूरी बनानी चाहिए, जो उनके मुताबिक गाजा में इस्राइली अभियान को आगे बढ़ाने में मदद दे रही हैं।

**भड़का मामला**- जब प्रशासन ने इन प्रदर्शनों को बंद करने के लिए सख्त कदम उठाने की कोशिश की, तब मामला और भड़क गया। न केवल इसका स्वरूप देशव्यापी हो गया बल्कि कई यूनिवर्सिटी में फैकल्टी मेंबर्स भी प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में आगे आए। खबरों के मुताबिक, अब तक 100 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

**कूटनीतिक हलचल**- इन प्रदर्शनों ने कूटनीतिक हलकों में भी हलचल बढ़ाई है। जहां इस्राइल सरकार ने इनकी सीधे शब्दों में निंदा करते हुए इनके खिलाफ सख्ती बरतने की अपील की है, वहीं भारत ने इसे अमेरिकी लोकतंत्र के लिए परीक्षा की घड़ी बताया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि 'हमें इस आधार पर आंका जाता है कि हम अपने घर में क्या करते हैं, इस आधार पर नहीं कि हम विदेश में क्या कहते हैं।'

**अमेरिकी दखलंदाजी**- भारत की इस प्रतिक्रिया को अपने आंतरिक मामलों में अमेरिका की बढ़ती दखलंदाजी का सांकेतिक विरोध माना जा रहा है। भारत की आपत्ति के बावजूद अमेरिका की ऐसी कोशिशें हाल के दिनों में बढ़ी हैं। ताजा मामला अमेरिकी विदेश मंत्रालय (स्टेट डिपार्टमेंट) की मानवाधिकार रिपोर्ट का है, जिसे भारत ने गहरे पूर्वाग्रहों से प्रेरित बताया है।

**बाइडन का सिरदर्द**- चुनावी साल में ये प्रदर्शन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। गाजा में मृतकों की बढ़ती संख्या हालात को और गंभीर बना रही है। 7 अक्टूबर को हुए हमास के आतंकी हमले के बाद शुरू हुई इस जंग में अब तक 34,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक मामलों में समय लाभपूर्ण होगा और किस्?मत आपका साथ देगी। कारोबार में सफलता मिलेगी और भाग्?य भी आपका साथ देगा। आज आप शॉपिंग के मूड में रहेंगे। आप खुलकर खरीदारी करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करने से आपका मन प्रसन्?न होगा। पारिवारिक रिश्तों को आप अच्छी तरह निभाएंगे ।

### वृषभ
आज लाभ का दिन है और आपको स्?था?पित कारोबार में लाभ होगा। आज आपको साझेदारी के सौदे में लाभ होगा और आपके आपसी संबंधों में मिठास बनी रहेगी। त्रिपक्षीय साझेदारी करने के बारे में सोच सकते हैं। आज किसी नए दोस्?त से आपकी मुलाकात हो सकती है। संसाधन जुटाकर आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं।

### तुला
आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज आपके लिए बिजनस और कारोबार के मामले में एक नया दौर शुरू होने वाला है। जैसे ही आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं, वैसे ही आप हल्का व तनावरहित महसूस करेंगे। नए अवसरों का सामना करने के लिए तैयार रहें। आज आपके लिए कई संभावनाओं की तलाश पूरी होगी।

### वृश्चिक
आज आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं। अपने काम पर फोकस करें तो आपको लाभ होगा। अत्यधिक भावुकता से बचें। अतीत के बोझ को न ढोएं, वरना आपको सिर्फ दुख मिलेगा। निजी संबंधों के मामले में भावनाएं हावी रहेंगी। पुरानी लतों को छोड़ दें तो आपके लिए अच्?छा होगा।

### मिथुन
आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं। निजी संबंधों के मामले में आपको मतभेद का सामना करना पड़ सकता है। आपको आज किसी अपने की मदद करनी पड़ सकती है। जिंदगी के तल्ख अनुभवों से सबक लेकर आगे बढ़ें और अपने काम पर ध्?यान दें। मूड को बोझिल न बनाएं। अपने स्वभाव में हंसी खुशी को बरकरार रखें ।

### कर्क
आज खुद को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप युवाओं प्रोत्साहित कर पाने में सफल होंगे। आपकी पुत्री करियर के मामले में स्वतंत्र रूप से फैसला ले सकती है और करियर के मामले में कोई बड़ा फैसला ले सकती है। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी और आपको रुके धन की प्राप्ति होगी।

### धनु
आज का दिन शुभ है। आज आप अपनी छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में खुद को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप असंभव से दिखने वाले कार्यों और चुनौतियों से रूबरू होंगे और उनका समाधन निकाल लेंगे। ऐसे लोगों से बचकर रहें, जो दिखावा पसंद करते हैं। आज फालतू खर्च से बचें, वरना आपका मासिक बजट बिगड़ सकता है।

### मकर
आज का दिन आर्थिक मामलों में काफी शानदार होगा। रुपये-पैसों के मामले में आप सचेत नहीं रहें, नहीं तो आपके हाथ से कोई मौका जा सकता है। आप एक शानदार और निजी अनुभव से वंचित हो सकते हैं। जीवन के हर क्षेत्र में आप बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। मकर राशि का व्यक्ति आपके लिए सदैव मददगार साबित होगा। अध्यात्म के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा।

### सिंह
आज का दिन सफलता से भरा होगा। बेहतर होगा कि आज किसी से कोई उम्?मीद न करें। इस तरह की सोच से उबरें, वरना आपको संघर्ष करना पड़ सकता है। आज आप खुद को थोड़ा सा हताश और निराश महसूस करेंगे। आपको कारोबार से जुड़े फैसले लेने मं सोचसमझकर काम करना चाहिए।

### कन्या
आज आर्थिक मामलों में बदलाव का दिन है। तो फैसले लेंगे वो सही साबित होंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे और आपको इसमें सफलता भी मिलेगी। आज आपको आय के मामले में लाभ होगा। आप दूसरों से अपनी भावनाओं को छिपाने में सफल होंगे। आपका मन हल्का हो जाएगा। दूसरों को माफ करना सीखें।

### कुंभ
आज धन के मामले में आपको रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको भाग्?य का साथ मिलेगा। नकारात्मक विचारों से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें। भावनात्मक रूप से दु:खी होंगे। आज आपके घर में प्रसन्?नता का माहौल रहेगा और भाग्?य आपका साथ देगा। निजी संबंधों के मामले में आप किसी से वादा न करें तो आपके लिए अच्?छा होगा।

### मीन
आज काम के लोगों से संवाद स्थापित करने का वक्त है। व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन सफलता से भरा होगा। निजी और व्यावसायिक मामलों को आप विलक्षण ढंग से और रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे। अभिभावकों से आपको लाभ होगा। निजी संबंधों और पारिवारिक स्थितियों के मामले में बोझिल रवैया अख्तियार न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### निष्पक्ष एवं स्वतंत्र पत्रकारिता ही लोकतंत्र की शक्ति का आधार : कर्नल राज्यवर्धन



**जयपुर, एजेंसी।** उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले, जनसरोकार की पत्रकारिता के पैरोकार और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सशक्त प्रहरी के रूप में कार्यरत समस्त पत्रकार साथियों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में हम सभी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की ओर अग्रसर हैं। इस दिशा में समस्त पत्रकार साथियों का सहयोग और योगदान सराहनीय है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा, आपका निष्पक्ष एवं स्वतंत्र पत्रकारिता का योगदान ही लोकतंत्र की शक्ति का आधार है। प्रेस की स्वतंत्रता ही संवैधानिक अधिकार एवं मानवाधिकारों को सुनिश्चित करने का बड़ा आधार है। आप सभी निर्भीक होकर निरंतर देश की सेवा करते रहें, यही कामना है।

### मुख्यमंत्री धामी के लिए अपनी सीट छोड़ने वाले पूर्व विधायक कैलाश चंद्र गहतोड़ी का निधन



**देहरादून , एजेंसी।** उत्तराखंड के चंपावत से पूर्व विधायक रहे कैलाश गहतोड़ी का शुक्रवार को निधन हो गया है। ये वही पूर्व विधायक थे, जिन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लिए अपनी सीट छोड़ी थी। कैलाश गहतोड़ी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने शुक्रवार को मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहतोड़ी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कैलाश गहतोड़ी के निधन की खबर से पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा से चुनाव हारे तो उसके बाद बीजेपी हाईकमान ने उनके ऊपर विश्वास रखते हुए उन्हें दोबारा मुख्यमंत्री बनाया था। मुख्यमंत्री धामी को 6 महीने में फिर से चुनाव जीत कर अपनी विधायकी को बचाना था। चंपावत से उस समय विधानसभा चुनाव में जीते कैलाश गहतोड़ी ने सीएम के लिए अपनी सीट छोड़ दी। मुख्यमंत्री धामी चंपावत से चुनाव लड़े और रिकॉर्ड जीत दर्ज करते हुए अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की निर्मला गहतोड़ी को 55,025 मतों के अंतर से हरा दिया। गहतोड़ी को पार्टी ने राज्य वन विकास निगम का अध्यक्ष बनाया था। गहतोड़ी को कैबिनेट स्तर का दर्जा दिया गया था। विगत शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके यमुना कालोनी स्थित आवास पहुंच कर मुलाक़ात की तथा कुशलक्षेम पूछी थी।

### महाराष्ट्र के रायगढ़ में शिवसेना नेता को लेने जा रहा हेलीकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त



**रायगढ़, एजेंसी।** एक चौंकाने वाली घटना में शिवसेना नेता सुषमा अंधारे को लेने जा रहा एक निजी हेलीकॉप्टर लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अंधारे ने खुद लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग साझा की है। इसके मुताबिक, हेलिकॉप्टर एक अज्ञात स्थान पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा था और अचानक लड़खड़ा गया, संतुलन खो बैठा और फिर खुले मैदान में तेज आवाज के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकॉप्टर का पायलट कूदने में कामयाब रहा और बाल-बाल बच गया, लेकिन रायगढ़ के महाड शहर में हुई दुर्घटना में सफेद और नीले रंग का रोटरी-विंगर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और बचाव दल घटना की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अंधारे चुनाव प्रचार के लिए एक कार में रवाना हुईं।

### राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर भाजपा ने कहा, अब यहां से भी भागेंगे

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर तस्वीर साफ कर दी है। राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे तो वहीं अमेठी से कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारा है। इसके बाद भाजपा ने राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर निशाना साधा। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, इससे यह जाहिर होता है कि राहुल गांधी ने वायनाड से अपनी हार स्वीकार कर ली है। वह पहले अमेठी से भागे, अब वायनाड से और इस बार उन्हें रायबरेली से भी भागना पड़ेगा। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं। इसलिए वह अब रायबरेली से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पहले राहुल गांधी ने अमेठी से हार मानी, अमेठी को छोड़ कर भागे, अब वायनाड को छोड़ कर भागे और इस बार उन्हें रायबरेली से भी भागना पड़ेगा। वह देश संभालने की बात करते हैं, लेकिन ना वह अमेठी संभाल पाएं, ना वायनाड संभाल पाएं।

# मुसलमानों के खिलाफ नहीं है भाजपा, इस्लामिक देशों ने भी दिया मोदी को सम्मान: राजनाथ सिंह की अपील



**सुपौल, एजेंसी।** रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने विपक्ष के भाजपा पर हिंदू-मुस्लिम के बीच विभाजन पैदा करने के आरोप को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कई इस्लामी देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया है। बिहार के सुपौल और सारण लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने अल्पसंख्यक समुदाय को कांग्रेस और उसके सहयोगी राजद से सावधान रहने का आग्रह करने के साथ विपक्षी दलों पर उन्हें धोखा देकर वोट मांगने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा, ''जहां तक भाजपा और राजग का प्रश्न है, तो हम लोग जात-पात, पंथ और मजहब के आधार पर राजनीति नहीं करते हैं। हम इंसाफ और इंसानियत के आधार पर राजनीति करते हैं।'' उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण संभव नहीं है। उन्होंने कहा, ''पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की सुविधा है तथा मुस्लिम समाज में जो बहुत पिछड़े और गरीब हैं, वे इसमें शामिल हैं। आप कहते हैं कि हम धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे। क्यों उनकी आंखों में धूल झुक रहे हैं। भारत का संविधान इस बात की इजाजत देता ही नहीं है कि धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाए। मैं मुसलमान भाइयों से कहना चाहता हूं कि आप लोग इनके बहकावे नहीं आए।'' कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, ''ये हमपर हिंदू-मुसलमान करने का आरोप लगाते हैं जबकि अरब जगत के पांच देशों ने अपने सबसे बड़े सम्मान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को नवाजा है।

उन्होंने कहा, ''मैं मुसलमान भाइयों से भी कहना चाहता हूं... हां हमने एक काम किया है, तीन तलाक की प्रथा को समाप्त किया है। हम किसी को धोखा नहीं देना चाहते हैं और डंके की चोट पर कहते हैं कि हां हमने किया है क्योंकि हम समाज को बांट कर राजनीति नहीं करना चाहते।'' सिंह ने कहा, ''चाहे मुसलमान हो, हिंदू हो, ईसाई हो या यहूदी हो, सबकी मां-बहन, बेटी हम लोग की मां-बहन, बेटी हैं। हम लोग ऐसा नजरिया रखते हैं। हम किसी भी धर्म के लोगों को इस बात की इजाजत नहीं दे सकते कि आप किसी की बेटी से शादी कीजिए और 10 दिन के बाद तलाक-तलाक-तलाक बोल कर उनकी छुट्टी कर दीजिए। हम अपने मुसलमान भाइयों से भी कहना चाहते हैं कि आप इस पर विचार कीजिए। बहुत सारे मुसलमान भाई इसका समर्थन कर रहे हैं।'' उन्होंने यह भी दावा किया कि राजग लोकसभा में 400 से अधिक सीट के अपने लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर है। सिंह ने कहा, ''सूरत ने भाजपा के विजय का श्री गणेश हो चुका है।'' उनका इशारा भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने की ओर था, क्योंकि अधिकतर उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए थे और बाकी के नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज कर दिए गए थे। सिंह ने कहा, ''इंदौर में, कांग्रेस उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा का समर्थन किया है।'' उन्होंने कहा, ''सारे देश का जो माहौल दिख रहा है, उससे हमें लगता है कि हमलोगों ने जो 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम पूरी तरह से कामयाब होंगे। मेरा पक्का विश्वास है। सिंह ने कहा, ''अब विपक्ष चिल्ला रहा है कि इससे लोकतंत्र ख़तरे में पड़ जाएगा। आपको बता दें कि आजादी के बाद से अब तक कम से कम 28 लोग निर्विरोध चुने गए हैं। उनमें से 20 कांग्रेस के थे और दो उसकी सहयोगी समाजवादी पार्टी के थे।'' उन्होंने यह भी कहा कि अगले दस वर्षों में कांग्रेस ''डायनासोर की तरह'' विलुप्त हो जाएगी और आने वाली पीढ़ियों को बताना होगा कि कांग्रेस नाम की कोई चीज़ अस्तित्व में थी। सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी चाहते थे कि पार्टी को भंग कर दिया जाए, ऐसा लगता है कि उनकी आत्मा पार्टी को कोस रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि वह किसी भी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ बोलना नहीं चाहते जो प्रधानमंत्री रहे हों क्योंकि इसमें एक संस्था शामिल थी, न कि सिर्फ एक व्यक्ति। जवाहरलाल नेहरू के बाद से कांग्रेस प्रधानमंत्रियों के शासन और मोदी के शासन के बीच अंतर बताते हुए उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया था कि सरकार द्वारा खर्च किए गए प्रत्येक रुपये में से केवल 15 पैसे ही लोगों तक पहुंचते हैं और मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा था।

सिंह ने कहा कि वे यह नहीं कहते कि हमारे यहां लोग दूध के धुले हुए हैं लेकिन जब भी कोई किसी गलत काम का दोषी पाया जाता है तो भाजपा नेतृत्व वाला राजग दागी तत्वों दूध की मक्खी की तरह निकल फेंकने से पीछे नहीं हटता है। भाजपा नेता ने अपने बिहार के सहयोगी मुख्यमंत्री और जदयू प्रमुख नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा, ''आपको उनसे कई शिकायतें हो सकती हैं लेकिन आप यह नहीं कह सकते कि वह भ्रष्ट हैं। इसके विपरीत राजद है जो सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार को लेकर सबसे कुख्यात रही है।

## रविंद्र सिंह भाटी को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार, बाड़मेर पुलिस की पकड़ में आया



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के बाड़मेर जिले से शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया पर धमकी देने के मामले में पुलिस ने मैसेज भेजने वाले व्यक्ति मगाराम निवासी सारणों का तला, आडेल थाना रागेश्वरी को नामजद कर गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या गलत एवं आपसी सौहार्द बिगाड़ने जैसी टिप्पणी करने से बचे, अन्यथा कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को फेसबुक पर गैंगस्टर रोहित गोदारा कपूरीसर के नाम से धमकी भरी पोस्ट की गई थी। वायरल होने पर सूचना मिलते ही सोशल मीडिया सेल द्वारा इस संबंध में जानकारी करते हुए आरोपी मगाराम को नामजद किया गया। इस पर बालोतरा पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को दस्तयाब किया। जिसे पूछताछ के बाद थाना रागेश्वरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसपी मीना ने बताया कि आरोपी मगाराम से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने अपने अपने मोबाइल में फेसबुक व इंस्टाग्राम की तीन आईडी मगाराम 04, रोहित गोदारा कपूरीसर व मुकेश उर्फ मगाराम 123 के नाम से बना रखी है। रोहित गोदारा के नाम से उसने करीब 45 दिन पहले ही आईडी बना गूगल से फोटो लेकर प्रोफाइल व कवर फोटो पर लगाई थी। एसपी मीना ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने आगे बताया कि फेसबुक व इंस्टाग्राम पर विधायक रविंद्र सिंह भाटी व उमेदाराम बेनीवाल के बारे में उसने कमेंट देखे तो आवेश में आकर फर्जी आईडी से सिणधरी व बालोतरा के बीच बस में सफर के दौरान 27 अप्रेल को एक पोस्ट विधायक रविंद्र सिंह की आईडी तथा एक पोस्ट समाचार चैनल राजस्थान तक पर पोस्ट कर धमकी भरा कमेंट कर दिया।

एसपी ने बताया कि पोस्ट वायरल होने के दो-तीन घंटे के अंदर ही मीडिया में खबर आई तो उसने घबरा कर सारे पोस्ट डिलीट कर दिए तथा रोहित गोदारा कपूरीसर वाली आईडी का नाम बदलकर गुमान सिंह जोधपुर के नाम से आईडी बना ली। फिर डरते हुए रात में उस आईडी को भी डिलीट कर दिया।

## इटली की बहू मंजूर, अपनी बहू नामंजूर, शरद पवार पर भाजपा ने बोला हमला

**बारामती, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में महाराष्ट्र की 11 सीटों पर 7 मई को वोट डाले जाने हैं। इनमें बारामती, कोल्हापुर, सतारा, सांगली, लातूर, उस्मानाबाद, रायगढ़, रत्नागिरी सिंधुदुर्ग, हातकणंगले, माढा और सोलापुर सीटें शामिल हैं। सबसे दिलचस्प मुकाबला पवार परिवार का गढ़ कहे जाने वाले बारामती सीट पर है, जहां ननद और भाभी आमने-सामने हैं। यानी एनसीपी संस्थापक शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी हैं। महाराष्ट्र के सियासी इतिहास में ऐसा पहली बार है जब पवार परिवार की बहू और बेटी एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। शरद पवार ने बहू सुनेत्रा को कथित तौर पर बाहरी बताकर लोगों से बेटी को जिताने की अपील की है। हालांकि, शरद पवार इसका खंडन कर चुके हैं और कह चुके हैं कि उनका बयान एक सवाल तक सीमित था। इधर, भाजपा ने बहू को बाहरी कहने के शरद पवार के कथित बयान की तीखी आलोचना की है। भाजपा नेता शाइना एनसी ने कहा, जब कोई कहता है कि वो बाहर की बहू है तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण लगता है। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि आप इटली की बहू को स्वीकार कर सकते हैं और उसके साथ गठबंधन कर सकते हैं,लेकिन अपनी ही बहू को बाहरी कह रहे हैं। सुनेत्रा ने बारामती में जो काम किया है, वह सराहनीय है। शाइना ने कहा कि शरद पवार के शब्द रूढ़िवादी हैं। उन्होंने कहा, आपकी बेटी चुनाव लड़ सकती है।

# क्या इस बार विदिशा सीट शिवराज सिंह चौहान के लिए होगी आसान!





**विदिशा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित सीटों में से एक, भारतीय जनता पार्टी के गढ़ के नाम से प्रचलित विदिशा यूं तो इस बार पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही सबकी नजरों में थी, लेकिन कांग्रेस ने यहां से एक बार फिर पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा पर दांव खेल कर इसे और चर्चाओं का केंद्र बना दिया। चार बार इस संसदीय क्षेत्र से सांसद रह चुके चौहान जहां पूरे राज्य में मामा के नाम से पहचाने जाते हैं, वहीं शर्मा ने सांसद रहते हुए पूरे संसदीय क्षेत्र में दादा के नाम से पहचान बनाई है। ऐसे में अब ये चुनाव मामा और दादा के बीच की जंग का सामना कर रहा है। ये संसदीय क्षेत्र इसके पहले भी अपने दिग्गज प्रत्याशियों के चलते देश भर में सुर्खियां बटोर चुका है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज इस संसदीय क्षेत्र का संसद में प्रतिनिधत्वि कर चुके हैं। लगभग तीन दशक से भी ज्यादा समय से भाजपा का अभेद किला बने हुए इस क्षेत्र में पिछले चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने लगभग पांच लाख से भी अधिक मतों से कांग्रेस प्रत्याशी शैलेंद्र पटेल को पराजित किया था। ऐसे में अब सबकी निगाहें इस बार यहां से जीतने वाले प्रत्याशी और उनकी जीत के अंतर पर टिकी हुई हैं। विदिशा लोकसभा में आठ विधानसभाएं हैं, जिनमें भोजपुर, सांची, सिलवानी, विदिशा, बासौदा, बुधनी, इछावर और खातेगांव शामिल हैं। इनमें से सिलवानी को छोड़कर अन्य सभी पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। विदिशा लोकसभा सीट में रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास जिले के हिस्सों को शामिल किया गया है। ये क्षेत्र सांची के स्तूपों के चलते देश-दुनिया में विख्यात है। वहीं भोजपुर का विशाल शिव मंदिर अपने ऐतिहासिक महत्व के चलते देश के चुनिंदा शिव मंदिरों में शामिल है। समूचे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की ओर से प्रचार का मैदान चौहान ने स्वयं संभाला हुआ है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान चौहान की राज्य भर में लोकप्रियता के बाद अब वे लगातार स्थान-स्थान पर न केवल अपने ही संसदीय क्षेत्र में महिलाओं के बीच चुनाव प्रचार करते देखे जा रहे हैं, बल्कि कई बार दूसरे संसदीय क्षेत्रों में भी उन्हें दूसरे प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील करते हुए भी देखा जा रहा है। वहीं, कांग्रेस की ओर से शर्मा स्वयं चुनाव की कमान संभाले हुए हैं। दोनों ही दलों की ओर से इस संसदीय क्षेत्र में अब तक किसी राष्ट्रीय स्तर के नेता की कोई चुनावी सभा नहीं हुई है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के पिपरिया में की अपनी चुनावी सभा के दौरान मंच पर उपस्थित चौहान को विदिशा संसदीय क्षेत्र से भारी मतों से जिताने की मतदाताओं से अपील की थी। अपेक्षाकृत ग्रामीण मानी जाने वाली इस लोकसभा सीट पर कुल 19 लाख 19 हजार 785 मतदाता हैं।

## देश की बेटियां हार गईं, बृजभूषण के बेटे को टिकट मिला तो भड़के रेसलर



**कैसरगंज, एजेंसी।** भाजपा ने उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से इस बार पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे करण सिंह को टिकट दे दिया है। बीते साल बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए महिला रेसलर्स ने दिल्ली में महीने भर प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्हें भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई)के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। अब उनके बेटे को जब भाजपा ने चुनावी मैदान में उतार दिया है तो खिलाड़ियों ने एक बार फिर गुस्सा जाहिर किया है।

बता दें कि फरवरी महीने में ही बृजभूषण के छोटे बेटे करण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी चुने गए थे। रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली साक्षी मलिक ने एक्स पर लिखा, बृजभूषण जीत गए और भारत की बेटियां हार गईं। उन्होंने कहा, हम सभी ने अपने करियर को दांव पर लगाया और कई दिनों तक सड़क पर बैठी रही। इसके बावजूद बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई। हमने न्याय की मांग की। अब गिरफ्तारी तो छोड़िए उनके बेटे को भाजपा ने टिकट दे दिया है। देश की करोड़ों बेटियों का दिल टूट गया। अब भी टिकट उनके परिवार में ही है।

उन्होंने आगे कहा, आखिर सरकार एक व्यक्ति के आगे क्यों कमजोर है? आप सभी राम के नाम पर वोट चाहते हैं, लेकिन उनके आदर्शों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं। बता दें कि बीते साल बृजभूषण के करीबी संजय सिंह को डब्लूएफआई का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद साक्षी मलिक ने खेलना बंद कर दिया था। मलिक की मां ने कहा, हम बहुत ही निराश और दुखी हैं। करण सिंह को टिकट मिलना दिखाता है कि हमारी परवाह किसी को नहीं है। विरोध प्रदर्शन में ही हमारी बेटी ने खेलना बंद कर दिया। बजरंग और विनेश ने अपने पुरस्कार लौटा दिए। ऐसा लगता है यह सब बेकार हो गया। बता दें कि जून 2023 में दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 1000 पेज की चार्जशीट फाइल की थी। उनपर आईपीसी की धारा 354, 354डी, 345ए के तहत केस दर्ज किया गया था। दिल्ली की राउज अवेन्यू कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है। 7 मई को मामले की अगली सुनवाई होनी है। रेसलर जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह हमारी पीठ पर छुरा भोंका गया है। क्या इसी के लिए हम सड़कों पर सोते थे? बृजभूषण के लोग डब्ल्यूएफआई में भी बैठे है और उनका बेटा अब चुनाव भी लड़ रहा है। बड़े शर्म की बात है। तोक्यो ओलंपिक में पदक विजेता बजरंग पुनिया ने इसे देश का दुर्भाग्य बताया है। उन्होंने कहा, भाजपा खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताती है लेकिन लाखों कार्यकर्ताओं में उसे सिर्फ टिकट देने के लिए एक ही व्यक्ति मिला। पार्टी प्रज्वल रेवन्ना को लेकर भी घिरी हुई है। यह देश का दुर्भाग्य है कि देश की बेटियों को सड़क पर घसीटा गया और एक यौन उत्पीड़न के आरोपी के बेटे को चुनाव का टिकट दिया जा रहा है।

## मंडी में किसानों ने कंगना रनौत के खिलाफ खोला मोर्चा, पुराने बयानों की दिलाई याद



**मंडी, एजेंसी।** किसानों ने हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कैंडिडेट और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत से उनकी कथित अपमानजनक टिपण्णी के लिए माफी की मांग की है। संयुक्त किसान मंच ने गुरुवार को कंगना को कृषि विरोधी कानूनों के खिलाफ चले आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ उनके द्वारा दिए गए कथित बयानों की याद दिलाई है। साथ ही माफी की मांग की है। एसकेएम संयोजक हरीश चौहान ने कहा, कंगना किसानों के वोट कैसे मांग सकती हैं और हमारे समर्थन की उम्मीद कैसे कर सकती हैं? उन्होंने किसान समुदाय का अपमान किया है। उन्हें पहले माफी मांगनी चाहिए। आपको बता दें कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-2021 में हुए किसान आंदोलन के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना ने कथित तौर पर पंजाब की एक महिला किसान की गलत पहचान की थी और उसे बिलकिस बानो कहा था। हालांकि वह एक 80 साल की महिला थी। उस महिला ने पहले दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में सीएए विरोधी विरोध प्रदर्शन के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं।कंगना ने अपने एक ट्वीट में आरोप लगाया गया था कि शाहीन बाग दादी भी कृषि कानूनों को लेकर चल रहे किसानों के आंदोलन में शामिल हुई थीं। उन्होंने बिलकिस बानो सहित दो बुजुर्ग महिलाओं की तस्वीरों के साथ पोस्ट को रीट्वीट किया और लिखा कि वही दादी जो टाइम मैगज़ीन में छपी थीं और 100 रुपये में उपलब्ध थीं। हालांकि, ट्वीटर पर लोंगों ने बताया कि दोनों महिलाएं अलग-अलग हैं तो कंगना ने अपना ट्वीट हटा लिया। चौहान ने कहा कि राज्य में 70 प्रतिशत मतदाता किसान हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान राज्य के सांसदों द्वारा उनके मुद्दों को कभी नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि एसकेएम मौजूदा चुनावों में उन उम्मीदवारों का समर्थन करेगा जो किसानों के हित की वकालत करेंगे। चौहान ने कहा, हम मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को समर्थन देंगे क्योंकि वह एसकेएम का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने विधानसभा में हमारे मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एसकेएम ने पांच सूत्री मांग पत्र तैयार किया है और उन दलों का समर्थन करेगा जो इन मांगों को अपने एजेंडे में शामिल करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल में किसानों का कर्ज माफ नहीं किया गया है।

# बीजेपी ने आगरा-फतेहपुर में लगाई प्रवासियों की टीम, साधेंगे जातिगत समीकरण



**आगरा, एजेंसी।** फतेहपुर सीकरी और आगरा लोकसभा सीट मतदान तीसरे चरण में मतदान सात मई होगा। चुनावी समर जिताने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने दोनों सीटों पर प्रवासी पदाधिकारियों के टीम मैदान में उतार दी है। इन्हें मंडल स्तर पर तैनात किया जा रहा है। ये बूथ स्तर पर मोर्चाबंदी को धार देंगे। भाजपा ने आगरा, फतेहपुर सीकरी ही नहीं पूरे ब्रज क्षेत्र के लिए 280 पदाधिकारियों को मैदान में उतारा है। इनमें 57 पदाधिकारी पहले चरण में आगरा और सीकरी में पहुंचने लगे हैं।

प्रवासी पदाधिकारी मतदान तक जिले में डेरा डालेंगे। बूथ स्तर पर जातिगत समीकरणों को साधने के साथ अलग-अलग वर्गों के साथ बैठक उनके कामकाज का अहम हिस्सा रहेगा। प्रवासी पदाधिकारी दिन में पार्टी के बूथ और मंडल कार्यालयों पर रणनीति तय करेंगे तो वहीं क्षेत्र में जाकर अलग-अलग वर्गों के साथ जनसंपर्क करेंगे।

चुनाव के अनुभवी रणनीतिकारों को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक, पूर्व मेयर, जिपं. अध्यक्ष, संगठन के जिला और महानगर अध्यक्ष स्तर तक के पदाधिकारी शामिल हैं। भाजपा के ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष हेमेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रवासियों के उनके मंडल पहले ही आवंटित कर दिए हैं। ब्रज क्षेत्र कोषाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सोमवार से उनका आगमन प्रारंभ हो गया है। सहारनपुर और मेरठ से कई पदाधिकारी पहुंच चुके हैं। बूथ के 20 कार्यों को पूर्ण करने की जिम्मेदारी प्रवासियों की मुख्य जिम्मेदारी उनके मंडल के सभी बूथों पर चुनाव संबंधित 20 कार्यों को पूर्ण कराना है। यूं तो भाजपा कार्यकर्ता अपने स्तर पर कार्यों को पूर्ण करते हैं लेकिन प्रवासी पदाधिकारी उन्हें चेक करते हैं और यदि उसमें कहीं कोई कमी रहती है तो उन्हें पूर्ण करना होता है। इसमें मुख्य रूप से सामाजिक समीकरणों को साधने के लिए विभिन्न समाजों के साथ बैठकें हैं। चिकित्सक, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता, महिलाएं, नवीन मतदाताओं के साथ बैठकें भी करानी हैं। ए, बी, सी कैटेगिरी के बूथों को चयनित करना है। सी श्रेणी के बूथ को बी श्रेणी में बदलने और बी श्रेणी के बूथ को ए श्रेणी में बदलने की प्लानिंग, परिवार पर्चियों का वितरण, मतदाता पर्चियों का वितरण के साथ मतदान के दिन के लिए प्लानिंग तैयार करना है।

**जिले में फिलहाल 57 प्रवासी लगाए गए :** अन्य जिलों से आए प्रवासी पदाधिकारियों को भाजपा ने मंडल स्तर पर जिम्मेदारी दी है। यहां करीब 57 प्रवासी आए हैं जिनमें से 27 पदाधिकारियों को आगरा लोकसभा सीट पर भेजा गया है। 30 पदाधिकारियों को फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर जिम्मेदारी दी गई है। दोनों ही सीटों पर प्रभारियों की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है।

**मेरठ, पीलीभीत तक से पदाधिकारी पहुंचे :** आगरा, फतेहपुर सीकरी सहित ब्रज में जिन सीटों पर सात मई को मतदान होना है वहां प्रवासियों को मंडल स्तर की जिम्मेदारी दी गई है। इनमें मथुरा, अलीगढ़, सहारनपुर, पीलीभीत और मेरठ बेल्ट के पदाधिकारियों को लगाया गया है। जिन सीटों पर सात मई को मतदान हो जाएगा वहां के पदाधिकारियों के चौथे चरण के मतदान के लिए भेज दिया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

बैडमिंटन

## न थॉमस बैडमिंटन और न ही उबेर कप में भारत को मिला कोई पदक



**चेंगदू (चीन), एजेंसी।** दो साल पहले थॉमस कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के एच एस प्रणय को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ 66 मिनट के मुकाबले में 21-15, 11-21, 14-21 से हार मिली। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप बैडमिंटन टीम अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाई और क्वार्टर फाइनल में चीन से 1-3 से हार के साथ बाहर हो गई। महिला टीम का अभियान उबेर कप में जापान के हाथों 0-3 से हार के साथ समाप्त हो गया। दो साल पहले थॉमस कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के एच एस प्रणय को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ 66 मिनट के मुकाबले में 21-15, 11-21, 14-21 से हार मिली। सात्विक-चिराग की जोड़ी को दुनिया की नंबर जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग के हाथों 15-21, 21-11, 12-21 से हार मिली।

युगल में जीत से चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई। उसके बाद निगाह लक्ष्य पर थी, जिन्होंने निराश नहीं किया। अल्मोड़ा के 22 साल के सेन ने दुनिया के छठे नंबर के ली शी फेंग को 13-21, 21-8, 21-14 से हराकर स्कोर 1-2 कर दिया लेकिन युगल में ध्रुव और साई की दुनिया की 11वें नंबर की रेन जियांग यू और ही जी टिंग से 10-21, 10-21 की हार के साथ भारत की उम्मीदें खत्म हो गई।

उबेर कप में जापान ने 3-0 से हराया

इससे पहले उबेर कप में अश्मिता चालिहा और ईशारानी बरुआ के संघर्षपूर्ण खेल के बावजूद भारत की युवा महिला टीम को जापान के हाथों 0-3 से हार मिली। इस टूर्नामेंट में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने हिस्सा नहीं लिया था। बावजूद इसके भारत ने ग्रुप मैचों में कनाडा और सिंगापुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

## क्रिकेटर डेवोन थॉमस पर लगा 5 साल का बैन

### फिक्सिंग के चलते आईसीसी ने सजा दी, वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वेस्टइंडीज के डेवोन थॉमस को 5 साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया है। उन पर श्रीलंका, यूएई और वेस्टइंडीज की क्रिकेट लीग में फिक्सिंग के आरोप लगे थे। जिसे उन्होंने कबूल कर लिया, जिस कारण आईसीसी ने उन्हें सजा दी। आईसीसी ने बताया कि 34 साल के थॉमस पर श्रीलंका क्रिकेट एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड और कैरेबियन प्रीमियर लीग ने करप्शन के 7 आरोप लगाए थे। थॉमस ने अपने ऊपर लगे आरोपों को कबूल किया, जिस कारण उनकी सजा को 18 महीने कम किया गया। उनकी सजा 23 मई 2023 को शुरू हुई, यहां से 22 मई 2028 तक वह इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे।

### वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं थॉमस

विकेटकीपर डेवोन थॉमस वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं। उन्होंने एक टेस्ट, 21 वनडे और 12 टी-20 खेले हैं। उनके नाम 300 से ज्यादा रन हैं। वह पार्ट टाइम बॉलिंग भी कर लेते हैं, उनके नाम 4 विकेट हैं।



टीम प्रबंधन द्वारा दिया गया

# मौका बर्बाद नहीं करना चाहता था : नितीश रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** नीतीश कुमार रेड्डी, जिन्होंने आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर एक रन से रोमांचक जीत हासिल करने में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए 42 गेंदों में नाबाद 76 रन की शानदार पारी खेली, ने कहा कि टीम प्रबंधन ने उन्हें अंतिम एकादश में शामिल होने का मौका दिया, एक ऐसा मौका जिसे वह कभी गंवाना नहीं चाहते थे। गुरुवार शाम को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में, रेड्डी ने तीन चौके और आठ छक्के लगाकर सबको चकित कर दिया, जो कि उनकी सर्वोच्च टी20 पारी भी है, जिसमें उनके कुछ छक्के मैदान पर सीधे और कवर के ऊपर से लगे, जिससे घरेलू प्रशंसक रोमांचित हो गए।

उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं कहूंगा कि मैं एक वास्तविक ऑलराउंडर हूं जो गेंदबाजी कर सकता है, जो बल्लेबाजी कर सकता है, जो क्षेत्ररक्षण भी कर सकता है। इसलिए, मैं हरफनमौला प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा था। मैं वास्तव में पिछले कुछ समय से इस बल्लेबाजी अवसर का इंतजार कर रहा था। इस साल टीम प्रबंधन ने मुझे मौका दिया और मैं इसे गंवाना नहीं चाहता था।

हैदराबाद के मध्यक्रम में अपनी भूमिका पर विचार करते हुए, रेड्डी ने कहा, पिछले दो मैचों से, यह ऐसा ही रहा है। मेरी भूमिका हेनरिक क्लासेन को धमाका करने का लाइसेंस देने के लिए 14वें या 13वें ओवर तक खेलने की थी।अगर क्लासेन और समद को शुरुआती ओवरों में बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो कोई फायदा नहीं, वे स्वतंत्र रूप से रन नहीं बना सकते। मैं सिर्फ यह सुनिश्चित करना चाहता था कि मुझे दबाव महसूस नहीं हो। मैं बस उसी तरह पारी खेलना चाहता था जैसी मैंने पंजाब के खिलाफ खेली थी और एक ओवर में आक्रमण करने और गति बदलने की योजना बना रहा था। जब मैंने (युजवेंद्र) को देखा तो बिल्कुल यही हुआ। मैं खुद का समर्थन कर रहा था कि मुझे उसके पीछे जाना है (14वें ओवर में) और यह काफी अच्छा रहा (उससे 21 रन लेकर)। तालिका में शीर्ष पर मौजूद रॉयल्स को हराने से वास्तव में टीम का मनोबल बढ़ेगा। रेड्डी ने यह भी खुलासा किया कि थिंक-टैंक को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर भरोसा था, जो अंतिम ओवर में 12 रनों का बचाव करके उन्हें जीत दिलाएंगे।

देखिए, टी20 पूरी तरह से गति को बदलने के बारे में है। इसलिए, हमें वास्तव में विश्वास था कि हम किसी तरह एक या दो विकेट ले लेंगे जो हमें अच्छी तरह से सेट यशस्वी जयसवाल और रियान पराग के रूप में मिले। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, जब वह (भुवनेश्वर) प्राइम टाइम में थे, तो वह इन मैचों को खींचने जैसी चीजें करते थे। अगर हम हार भी जाते, तो भी हमें खुशी होती, भले ही हम मैच हार जाते, क्योंकि हमने एक अच्छी टीम के खिलाफ अच्छा खेला और मैच को आखिरी गेंद तक ले गए, इसलिए हम जीत की ओर अग्रसर होकर खुश हैं।

## जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर टी नटराजन ने आईपीएल में कब्जाई पर्पल कैप

**हैदराबाद, एजेंसी।** मैदान में बेहद शांत दिखने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज टी नटराजन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है. दरअसल, नटराजन ने पर्पल कैप होल्डर की रेस में दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पछाड़ा है. मौजूदा आईपीएल का 50वां मैच हैदराबाद में 2 मई को खेला गया.



इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को 1 रन से मात दी. हैदराबाद की जीत के हीरो भुवनेश्नर कुमार रहे, जिन्होंने आखिरी गेंद पर रोवमैन पॉवेल को आउट कर राजसथान को जीत दिलाई. सनराइजर्स हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवरों में 35 रन देते हुए 2 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही नटराजन इस आईपीएल में फिलहाल सबसे ज्यादा 15 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं. नटराजन ने 8 मैचों में 19.13 के एवरेज और 8.96 की इकोनॉमी रेट से ये विकेट लिए हैं. नटराजन के बाद जसप्रीत बुमराह (14 विकेट), मुस्ताफिजुर रहमान (14 विकेट) हैं. वहीं, हर्षल पटेल, मथीशा , युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, गेराल्ड कोएत्जे, मुकेश कुमार हैं, जिनके संयुक्त रूप से 13 विकेट हैं.

# हममें से किसी ने अपना विकेट जानबूझकर नहीं गंवाया: रियान पराग



**हैदराबाद, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से एक रन से हार का सामना करने के बाद, इन-फॉर्म बल्लेबाज रियान पराग ने इस बात से इनकार किया कि कुछ बल्लेबाजों ने, जिनमें वह भी शामिल हैं, निर्णायक मोड़ पर अपने विकेट जानबूझकर गंवाए। शुरुआती ओवर में जोस बटलर और संजू सैमसन को खोने के बाद, पराग और यशस्वी जायसवाल ने जवाबी हमले में तीसरे विकेट के लिए 134 रन जोड़े और एक प्रभावशाली जीत की ओर अग्रसर थे। लेकिन जायसवाल 40 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पराग 49 गेंदों में 77 रन बनाकर आउट हुए और वहां से आरआर को इस सीजन की दूसरी हार झेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

पराग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे नहीं लगता कि हममें से किसी ने भी अपना विकेट फेंका है। जायसवाल ने उस स्कूप की कोशिश की क्योंकि नटराजन अच्छी धीमी बाउंसर फेंक रहे थे इसलिए उन्होंने अगली गेंद यॉर्कर समझकर यह शॉट खेला। मैंने भी सिक्स लगाने की कोशिश की और गेंद मिस हुई लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमने अपने विकेट फेंके, अंत तक टिके रहना अच्छा होता। हम दोनों की भी योजना यह थी। पराग ने यह भी कहा कि भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस और नटराजन ने आखिरी पांच ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करके आरआर को जीत से वंचित कर दिया। पराग ने कहा, मैं काफी आश्वस्त था लेकिन आपको उन्हें इसका श्रेय देना होगा कि उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। यह उनका घरेलू मैदान है, उन्होंने ऐसी गेंदबाजी की जैसे उन्हें पता हो कि विकेट कैसे रिएक्ट करेगी। आपको इसका श्रेय भुवनेश्वर कुमार, नटराजन और कमिंस को देना होगा। आईपीएल 2024 की दस पारियों में, पराग ने 159.14 की स्ट्राइक-रेट के साथ 58.43 के औसत से 409 रन बनाए और प्रतियोगिता में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। कुछ लोगों ने उनका नाम पुरुष टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में दावेदार के रूप में भी लिया था, लेकिन पराग को लगता है कि उनका सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। पराग ने आगे कहा, मुझे सुधार करने के लिए बहुत से क्षेत्र मिले हैं। मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हूं, अन्यथा मैं मैच समाप्त कर देता। मुझे बहुत सारे क्षेत्रों में सुधार करना है। मैं अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करता हूं और उन्हें दोहराता नहीं हूं। पिछले साल मैं आईपीएल खेलने की दौड़ में भी नहीं था। अब मैंने कुछ अफवाहें सुनी हैं, मैं अब सोशल मीडिया पर नहीं हूं, मैंने यहां-वहां कुछ शोर सुना है। मुझे खुशी है कि वे अब सही कारणों से मेरा नाम ले रहे हैं। मैं वास्तव में किसी भी चीज़ के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं अपनी टीम के लड़कों, खासकर संजू भैया (संजू सैमसन) को विश्व कप टीम में शामिल किए जाने से खुश हूं। यह हमारे देश के लिए बहुत अच्छा होने वाला है और हमें उम्मीद है कि हम इस बार विश्व कप घर ला सकते हैं।

## आरआर पर एक रन से जीत के बाद कमिंस ने कहा, मैं सुपर ओवर के बारे में सोच रहा था



**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने गुरुवार को आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को सांस रोक देने वाले मुकाबले में 1 रन से मात दी। मैच के बाद एसआरएच के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम सुपर ओवर के लिए मानसिक रूप से तैयार हो गई थी।

एसआरएच को अंतिम ओवर में 12 रनों का बचाव करना था, राजस्थान को आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे। इसके अलावा, वो धीमी ओवर गति के दंड के कारण केवल चार फील्डर को 30-यार्ड सर्कल के बाहर रख सकते थे। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार एसआरएच की जीत के हीरो रहे जिन्होंने आखिरी ओवर में राजस्थान रॉयल्स को 13 रन बनाने से रोक दिया। भुवनेश्वर कुमार ने रोवमैन पॉवेल को मिडिल और लेग पर लो फुल टॉस के साथ एलबीडब्ल्यू आउट करके (3-41) के साथ अपना स्पैल पूरा किया। इसके साथ ही एसआरएच के लिए टेबल-टॉपर्स पर शानदार जीत हासिल की, जो अब उनकी टीम को अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचाती है। कमिंस ने कहा, शानदार मैच। हमने आखिरी गेंद तक नहीं सोचा था कि मैच हमारे पक्ष में आएगा। यह टी20 क्रिकेट है। आपको आदत डालनी पड़ती है कि बल्लेबाज आप पर हावी रहेंगे।

बॉक्सिंग चैंपियनशिप

## युवा मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी, चार भारतीय सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीता, जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौरे में जीत दर्ज की।

आशीष हालांकि पुरुषों के 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज की थी।

## जन्मदिन से पहले इंग्लैंड के घातक स्पिनर ने तोड़ा दम, 20 की उम्र में हुई मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के घातक स्पिनर जोश बेकर का निधन हो गया। उन्होंने 20 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। बेकर की मौत की पुष्टि वॉर्सेस्टरशायर की तरफ से की गई।

इंग्लैंड के घातक स्पिनर जोश बेकर का निधन हो गया। उन्होंने 20 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। बेकर की मौत की पुष्टि वॉर्सेस्टरशायर की तरफ से की गई। हालांकि, अब तक उनकी मौत का कारण सामने नहीं आया है। इस घटना से क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। हैरानी की बात यह है कि बेकर का निधन उनके जन्मदिन से ठीक 14 दिन पहले हुआ है। 16 मई को वह अपना 21वां जन्मदिन मनाने वाले थे।

### मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जताया दुख

वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब की तरफ से कहा गया कि जोश बेकर के असामयिक निधन ने सभी को हैरान कर दिया है। क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एशले जाइल्स ने दुख व्यक्त करते हुए कहा, ÷जोश के निधन की खबर ने हम सभी को दुखी कर दिया है। जोश एक टीम के साथी से कहीं अधिक थे, वह हमारे क्रिकेट परिवार के अभिन्न अंग थे। हम सभी उसे बहुत याद करेंगे।

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

- 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 की बढ़त
- भारत-बांग्लादेश के बीच 6 मई को सीरीज का चौथा टी-20 मैच सिलहट में ही खेला जाएगा।



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विमेंस टीम ने शेफाली वर्मा तथा स्मृति मंधाना की 91 रन की साझेदारी की बदौलत सिलहट में तीसरे टी-20 मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। इसके साथ ही भारत ने 3-0 की बढ़त बना ली है और सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। शेफाली ने 51 और स्मृति ने 47 रन की पारी खेली। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रन का लक्ष्य दिया था। भारत ने 121 रन बनाकर मैच जीता।

### टॉस जीत कर भारत ने फील्डिंग चुनी

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया।

भारतीय गेंदबाजों ने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए 6.3 ओवर में बांग्लादेश को 46 रन के स्कोर पर पहला झटका दिया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने 55 रन पर दूसरा और 85 के स्कोर पर तीसरा और चौथा विकेट लेकर बांग्लादेश के को बड़ा स्कोर करने से रोक दिया। बांग्लादेश की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 117 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने 27 गेंदों पर 39 रन और कप्तान निगार सुल्ताना ने 28 रनों की पारी खेली। भारत के लिए राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयांका पाटिल ने एक-एक विकेट लिए।

### शेफाली-स्मृति ने भारत को दिलाई अच्छी शुरुआत

शेफाली और स्मृति ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट गंवाए 59 रन जोड़े। 118 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शेफाली और स्मृति मंधाना ने शानदार शुरुआत दिलाई।

दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट गंवाए 59 रन जोड़े। दोनों ने पहले विकेट के लिए 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी की। शेफाली ने 38 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 51 रन बना, जबकि स्मृति मंधाना ने 42 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का की मदद से 47 रनों की पारी खेली। शेफाली को उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दोनों टीमों के बीच 6 मई को सीरीज का चौथा टी-20 मैच सिलहट में ही खेला जाएगा।

# कलेक्टर ने मतगणना के लिए अधिकारियों को सौंपा दायित्व

पन्ना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार लोकसभा चुनाव की आगामी 4 जून को मतगणना कार्य की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिला मुख्यालय पर मतगणना दिवस पर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में खजुराहो संसदीय क्षेत्र की जिले की पवई, गुनौर एवं पन्ना विधानसभा की ईव्हीएम की मतगणना होगी। इसी तरह सभी आठ विधानसभा के डाक मतपत्रों तथा सर्विस वोटर्स से प्राप्त ईटीपीबीएस मतपत्रों की गणना भी की जाएगी।

मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया है, जबकि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी कार्मिक प्रबंधन संघ प्रिय को मतगणनाकर्मियों के दल तैयार कर नियुक्ति आदेश जारी करने और रेण्डमाईजेशन एवं प्रशिक्षण की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिले के समस्त तीन विधानसभा क्षेत्र के मतगणना हॉल में बेरीकेटिंग, प्रवेश व निकास व्यवस्था एवं मतगणना दलों, एआरओ, आरओ और प्रेक्षक के लिए बैठक व्यवस्था सहित व्हीव्हीपीएटी की पर्ची की गणना के लिए वीसीबी की स्थापना हेतु संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले को मतगणना केन्द्र पर साफ-सफाई व शौचालय एवं टैंकर व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्हीएस उपाध्याय को मतगणना केन्द्र पर स्वास्थ्य सुविधाओं, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण यंत्री को मतगणना केन्द्र पर विद्युत व्यवस्था, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महेन्द्र सिंह को स्वच्छ पेयजल व्यवस्था व स्थापित पानी की टंकी में स्वच्छ एवं ठण्डा पेयजल उपलब्ध कराने, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सितांशु राय को आईटी संबंधी समस्त कार्य तथा ईटीपीबीएस मतगणना की स्कैनिंग कार्य एवं इनकोर पर समस्त डाटा फीडिंग का दायित्व सौंपा गया है।

इसी तरह ई-गवर्नेंस मैनेजर दीपक सोनी को मतगणना कार्य के लिए आवश्यक कम्प्यूटर-प्रिंटर की व्यवस्था, डीपीसी अजय गुप्ता को मतगणना केन्द्र पर राउण्डवार परिणाम की प्रति अभ्यर्थी को प्रदान करने के लिए सभी विधानसभा में एक-एक तथा दो रिजर्व फोटोकॉपियर की व्यवस्था व संचालन, प्रभारी जिला अभियंता दूरसंचार धीरेन्द्र सक्सेना को इंटरनेट की सुदृढ़ व्यवस्था, जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया को स्वच्छ पेयजल के ठण्डे पानी पाउच, चाय, स्वल्पाहार व भोजन व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है, जबकि मतगणना के लिए समस्त सामग्री की व्यवस्था और मतगणनाकर्मियों को प्रवेश पत्र जारी करने तथा मतगणना के दौरान सीसीटीव्ही/वेबकास्टिंग की व्यवस्था का नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर आलोक मार्को, सभी विधानसभाओं के परिणाम पत्रों का एकत्रीकरण कर अंतिम परिणाम पत्र तैयार करने व प्रकाशित कराने के लिए अधीक्षक भू अभिलेख त्रिलोक पुसाम, मतगणना एजेंट की नियुक्ति संबंधी समस्त कार्यवाही सहायक रिटर्निंग अधिकारी लोकसभा क्षेत्र कुशल सिंह गौतम, मतगणना के बाद ईव्हीएम व समस्त अभिलेखों की सीलिंग एवं मतगणना स्थल से ईव्हीएम स्टोर रूम में सुरक्षित भण्डारण के पश्चात् कक्ष की सीलिंग का कार्य जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता और मतगणना उपरांत ईव्हीएम एवं अभिलेख परिवहन के लिए वाहन व्यवस्था का दायित्व जिला परिवहन अधिकारी को सौंपा गया है। इसके अलावा मतगणना एवं सीलिंग उपरांत आयोग से प्राप्त गोपनीय सील रजिस्टर डाक द्वारा आयोग को वापिस भिजवाने तथा इंडेक्स कार्ड व रिटर्निंग अधिकारी की डायरी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अजयगढ़ कुशल सिंह गौतम एवं प्रभारी नायब तहसीलदार धनीराम अहिरवार, मीडिया सेन्टर की स्थापना एवं संचालन के लिए जनसंपर्क अधिकारी देवेन्द्र सिंह, ईव्हीएम एवं डाक मतपत्र स्ट्रांग रूम व्यवस्था के लिए जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता एवं सहायक कोषालय अधिकारी रामप्रताप प्रजापति, डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस मतगणना कक्ष में बेरीकेटिंग, बैठक व्यवस्था और कम्प्यूटर प्रिंटर व्यवस्था के लिए संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम की ड्यूटी निर्धारित की गई है। सभी कार्यों के संपादन की निगरानी के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही आगामी 30 मई तक मतगणना संबंधी समस्त तैयारियों के पूर्ण होने का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य भी संपादित करने के लिए पाबंद किया गया है। नोडल अधिकारियों के साथ सहायक नोडल अधिकारी और सहयोगी कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है।

## कुलगुरू पदनाम का करें उपयोग

**पन्ना।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा अधिसूचना जारी कर हिन्दी पत्राचार में कुलपति के स्थान पर कुलगुरू पदनाम का उपयोग करने के संबंध में अवगत कराया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि उच्च शिक्षा विभाग के 5 अप्रैल 2024 के पत्र के द्वारा म.प्र. विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 (संशोधन) 2024 के अनुसार तथा म.प्र. राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 75 दिनांक 11.03.2024 के बिन्दु-2 अनुसार कुलपति शब्द के स्थान पर अंग्रेजी में वाइस चांसलर तथा हिन्दी में कुलगुरू शब्द प्रतिस्थापित किया गया है।

## राजस्व न्यायालयों के लिए क्रय किए जाएंगे कम्प्यूटर

**पन्ना।** अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय द्वारा जिले के राजस्व न्यायालयों के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से कम्प्यूटर-प्रिंटर क्रय करने की सूचना जारी की गई है। प्रत्येक राजस्व न्यायालय के लिए 75 हजार रूपए की राशि के मान से 28-28 नग कम्प्यूटर एवं प्रिंटर क्रय करने के लिए जेम पोर्टल पर निविदा जारी की गई है।

# श्रीमानसपीठ खजुरीताल में बहेगी भक्ति की गंगा

### 4 मई से होगा सात दिवसीय पाटोत्सव



**मैहर/सतना।** विंध्य क्षेत्र की नाभि में बसे आध्यात्मिक ऊर्जा के अनुपम केंद्र श्रीमानसपीठ खजुरीताल में धर्म जागरण हेतु लगातार धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। इसी क्रम में खजुरीताल के पीठाधीश्वर जगद्गुरू स्वामी श्रीरामललाचार्य जी महाराज के द्वारा 4 मई से 10 मई तक भव्य धार्मिक आयोजन कराया जा रहा है।जिसमें की प्रात: काल नित्य पादुका पूजन एवं सहस्त्रार्चन,मध्यकाल में परम पूज्य ब्रह्मर्षि डॉ. रामविलास दास वेदांती जी महाराज,अयोध्या धाम के मुखार बिंदुओं से श्री हनुमत महागाथा एवं सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनेक जाने माने कलाकार निकुंज कामरा दिल्ली, प्रख्यात भजन गायिका शहनाज अख्तर, राजकुमार शास्त्री, आनंद शुक्ला अनंत, गुरुभजन गायक दिव्य प्रकाश वासु,डॉक्टर हेमंत तिवारी,आंजनेय कला मंडल घुईसा के द्वारा सत्यसिंधु राजा हरिश्चंद्र नाटक की संगीतमय प्रस्तुति,युवा एकता परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होंगे। जगद्गुरू जी ने बताया की 5 मई को रामार्चा महायज्ञ एवं 10 मई को सामूहिक ब्रम्हचारियों का व्रतवन्ध संस्कार होगा। श्रीमानसपीठ खजुरीताल में आयोजित इस भव्य अनुष्ठान में देशभर से साधू संतो व अनेक धर्माचार्यों का आगमन होगा।

श्रीमानसपीठ परिवार प्रमुख जनों ने खजुरीताल में होने वाले सात दिवसीय भव्य कार्यक्रम में सभी को आहुत किया है की कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भाग लें। साधु संतों का दर्शन लाभ प्राप्त कर पटोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# नागरिकों में नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के संस्कार डालें अधिकारी : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी एस जामोद ने कहा है कि शहडोल संभाग को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नागरिकों में संस्कार डालने की आवश्यकता है। कमिश्नर ने कहा है कि शहडोल संभाग प्राकृतिक तौर से समृद्ध है, इसकी सुंदरता को हम और अधिक अच्छा बना सकते हैं इसके लिए सभी के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है कमिश्नर ने कहा है कि शहडोल संभाग को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आगामी 08 मई से शहडोल संभाग में स्वच्छता पखवाड़ा चालाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़े में सभी नगर पालिका अधिकारी अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे। सभी नगरपालिका अधिकारी स्वच्छता पखवाड़े में लोगों को अपने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने, नगरों में पौधरोपड़ करने तथा कचरे को डस्ट बीन में ही रखने के लिए प्ररित करेंगे। कमिश्नर ने शहडोल संभाग के सभी नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्वच्छता पखवाड़े में नगर को स्वच्छ रखने के लिए नालियों की साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कराएंगे तथा नगरों के दुकानदारों को ताकित करेंगे कि दुकानदार अपनी दुकान में डस्टबीनों का उपयोग करेंगे तथा डस्टबीन में कचरा डालने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी नगरीय क्षेत्रों में पॉलीथीन, एवं कचरे से भरी नालियों की समुचित साफ-सफाई कराएं। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि बारिस से पूर्व किसी भी नागरिक के घर मे बारिस का पानी न घुसे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों का निर्देश दिए हैं कि वे होटल मालिकों, दुकानदारों, की बैठकें लें तथा उन्हें अपने होटलों और दुकानो के सामने डस्टबीन रखने के लिए ताकित करें तथा जो दुकानदार या होटल मालिक अपने होटलों और दुकानों के सामने डस्टबीन नहीं रखता है ऐसे दुकानदारों और होटल मालिकों के ऊपर जुर्माना भी लगाएं।

# कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रस्तावित कार्यों की ली जानकारी



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज दोपहर में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रस्तावित निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर स्थल का मुआयना किया। इस मौके पर पुलिस चौकी बायपास की तरफ निर्माणाधीन बाउण्ड्रीबाल की प्रगति की जानकारी ली और पार्क के बाजू में बनने वाले वाहन शेड स्थल का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कुमार ने लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी प्रथम एवं विद्युत यांत्रिकी को संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन में आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य कराए जाने के संबंध में भी निर्देशित किया है। समय सीमा में कार्य की पूर्णता के लिए प्रस्तावित कार्यों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# जिला न्यायालय में रक्तदान शिविर का आयोजन 4 मई को

पन्ना

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से शनिवार, 4 मई को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जिला न्यायालय स्थित एडीआर भवन में सुबह 10.30 बजे से शिविर लगेगा। इस संबंध में जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार द्वारा गत बुधवार को अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ एडीआर भवन में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ता संघ के सदस्यों से रक्तदान के पुनीत कार्य में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान करने के संबंध में चर्चा की।



इस दौरान अधिवक्ता संघ के सदस्यों द्वारा सहभागिता के लिए सहमति प्रदान की गई। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते सहित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जे.के. राव, सचिव रत्नेश खरे, अधिवक्तागण आर.बी. पटेल, एस.पी. सिंगरौल, सुशील कुमार खरे, आर.के. निगम, आशीष चौरसिया, अतुल कुमार खरे, एम.पी. पटेल, चन्द्रभान पटेल, गिरजा शंकर शुक्ला, काजल जगवानी, आनंद नारायण तिवारी, उदय कुमार त्रिपाठी, विनय सिंह पुनिया, निर्मल कुमार जैन, राघव प्रसाद त्रिवेदी, कुंवर बहादुर उपाध्याय, आनंद कुमार श्रीवास्तव एवं प्रिंस निगम भी उपस्थित रहे।

# खुले हुए बावड़ियों, कुओं, बोरवेल एवं जल स्रोतों को ढकने हेतु आदेश जारी

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने आदेश जारी किया है कि शहडोल जिले के क्षेत्रान्तर्गत स्थित बावड़ियों, कुओं, बोरवेल, जल स्त्रोत, जल संरचना, जलसरणी आदि जैसी संरचनाओं को खुला छोड़ दिया गया है या ढक दिया गया है या उस पर कमजोर छत या छज्जा लगाकर अन्य उपयोग किया जा रहा हो और वे सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है तथा मानव जीवन को आसन्न खतरा उत्पन्न कर रही है, जो मानव जीवन को भविष्य में घटना या आपदा से बचाने हेतु इस पर तत्काल नियंत्रण रोकथाम किया जाना आवश्यक है । इस प्रकार की खुली संरचनाओं तथा अवैध निर्माण अतिक्रमण, छत या कमजोर छज्जा बनाकर या अन्य किसी प्रकार से असुरक्षित स्थिति में लाया गया हो तो तत्काल जाँच कर सुरक्षित कराये जाने की आवश्यकता प्रतीत हो रही है, ताकि लोक सम्पत्ति एवं मानव जीवन की सुरक्षा के खतरे को कम किया जा सके। जारी आदेश में कहा गया है कि नगर परिषद सीमा अंतर्गत सभी स्थानीय नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित सभी बावड़ियों कुओं, बोरवेल, जल स्त्रोत, जल संरचना, जलसरणी आदि का सर्वे करा कर नियमानुसार पृथक-2 सूची संधारित करेंगे। यदि कही किसी बावड़ियों, कुओं, खुले हुए बोरवेल, जल स्त्रोत, जल संरचना, जलसरणी आदि या ऐसी किसी गहरी संरचना पर अतिक्रमण हो, या उसे कमजोर छत बनाकर या छज्जा आदि अन्य किसी प्रकार से ढक दिया हो, या कोई दीवार आदि निर्मित कर घातक स्थिति उत्पन्न की हो, तो उन्हें तत्काल सुरक्षित रूप से ढक दिया जाये अथवा बन्द कर दिया जाय। खतरनाक संरचना की सूची के प्रत्येक मामलों में तत्काल नियमों एवं अधिनियमों के तहत अतिक्रमण हटाये जाने एवं सुरक्षा के सभी उपाय संबंधित व्यक्ति संस्था के माध्यम से सुनिश्चित कराने की कार्यवाही की जाय। उक्त कार्य में संबंधित कार्यपालिक दण्डाधिकारी (तहसीलदार नायब तहसीलदार) आवश्यक सहयोग करते हुये सुरक्षा के समस्त उपायों को सुनिश्चित करावेंगे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव का यह दायित्व होगा कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित सभी बावड़ियों कुओं, वोरवेल, जल स्त्रोत, जल संरचना, जलसरणी आदि का सर्वे करा कर नियमानुसार पृथक-2 सूची संधारित करेंगे। ऐसी किसी गहरी संरचना पर अतिक्रमण किया हो, कमजोर छत बनाकर या छज्जा आदि अन्य किसी प्रकार से ढंक दिया हो, या कोई दीवार आदि निर्मित कर घातक स्थिति उत्पन्न की हो, तो उन्हें तत्काल सुरक्षित रूप से ढंक दिया जाय अथवा बन्द कर दिया जाय। खतरनाक संरचना की सूची के प्रत्येक मामलों में तत्काल नियमो अधिनियमों के तहत अतिक्रमण हटाये जाने एवं सुरक्षा के सभी उपाय संबंधित व्यक्ति संस्था के माध्यम से सुनिश्चित कराने की कार्यवाही करवाई जायेगी। उक्त कार्य में संबंधित कार्यपालिक दण्डाधिकारी (तहसीलदार नायब तहसीलदार) आवश्यक सहयोग करते हुये सुरक्षा के समस्त उपायों को सुनिश्चित करावेगे। उक्त कार्य को परियोजना अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण जिला शहडोल, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शहडोल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला शहडोल, जिले में स्थित सभी बावड़ियों कुओं, खुले हुए बोरवेल, जल स्त्रोत, जल संरचना, जलसरणी को किसी भी दुर्घटना की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें ढकने, पूरी तरह बन्द करने की कार्यवाही पूर्ण कराकर 15 दिवस के अन्दर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

## सिमरिया पुलिस ने नही किया दुष्कर्म का मामला दर्ज

### कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक से पीडिता ने लगाई न्याय की गुहार

**पन्ना।** जिले के सिमरिया थाना अन्तर्गत मडिया ग्राम निवासी पीडित कालपनिक नाम पूजा आदिवासी ने पुलिस अधीक्षक तथा कलेक्टर के नाम दिये गये आवेदन के माध्यम से बताया कि में जानवरो को अपने घर के बाहर पानी पिलाने गई थी। उसी दौरान गांव के ही कल्लू राजा तथा प्रतिपाल सिंह के द्वारा मेरे साथ छेड छाड करते हुए बुरी नियत से खेत की तरफ ले गये तथा धमकी देते हुए बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया। इसके पश्चात् पीडिता द्वारा उक्त घटना के संबंध में अपनी मॉ लक्ष्मी बाई को बताया गया। जिसके साथ पीडिता नें पुलिस थाना पंहुचकर घटना क्रम बताते हुए मामला दर्ज करने की गुहार लगाई गई।

जिस पर पुलिस थाना सिमरिया नें अपराध क्रमांक 0145/2024 धारा 354, 506, लैंगिग अपराध संरक्षण 2012, 7/8 अनुसूचित निवारण अधिनियम 1989 के तहत कार्यवाही की गई। फरियादीया ने बताया कि लेकिन पुलिस ने डॉक्टरी नही कराई गई और न ही दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है।

## घर-घर जाकर दागना कुप्रथा रोकने हेतु किया गया जागरूक

### दागना कुप्रथा रोकने निकाली गई रैली

**शहडोल।** दागना कुप्रथा रोकने हेतु कलेक्टर श्री तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर, ब्यौहारी, बुढार एवं गोहपारू के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले के ग्राम पंचायत नौगई बिछिया, टिकुरी कोटमा,बम्हौरी,केरहा सहित अन्य ग्राम पंचायतो में महिलाओं को दागना कुप्रथा रोकने हेतु दीवार लेखन, डोर-टू-डोर, नाराकंन, पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को समझाइए दी जा रही है कि बच्चों को दागना कानूनन अपराध है, बच्चों को दागने पर संबंधितों के विरूद्ध 1 लाख रूपये का जुर्माना और 3 साल की सजा हो सकती है, यादि कोई बच्चा बीमार होता है तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और डॉक्टर की सलाह से उपचार कराएं। मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि छोटे बच्चों को निमोनिया होने पर दागे नही न ही किसी के बहकावे में आकर दागे, दागने से बच्चों के स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। दागना कुप्रथा रोकने हेतु चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को बच्चों को न दागने हेतु शपथ भी दिलाई गई। जन जागरूकता अभियान में ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ सहित अन्य मैदानी अधिकारी शामिल थें। गौरतलब है कि जिले को दागना मुक्त बनाने हेतु 10 मई 2024 तक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# बस स्टैंड में भड़के कुछ लोगों ने किया अतिक्रमण विरोधी दस्ते पर हमला

### टीम में दीन दयाल रसोई के पास स्थित नगर निगम के यात्री प्रतीक्षालय भवन को अतिक्रमण मुक्त कराने गई थी

सतना

नगर के बस स्टैंड में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान विवादित स्थिति निर्मित हो गई। बस स्टैंड में एक्शन से भड़के कुछ लोगों ने अतिक्रमण दस्ता प्रभारी और उनकी टीम को ना केवल मौके पर से खदेड़ लिया बल्कि उनके साथ झूमा झटकी करने की कोशिश भी की है। हालात कुछ ऐसे हुए कि निगम के अमले को दौड़-भाग कर अपना बचाव करना पड़ा। इस घटना में निगम के कई कर्मचारी घायल भी हुए हैं। बाद में दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंच गए। नगर पालिक निगम सतना का अतिक्रमण विरोधी दस्ता प्रभारी अधिकारी आरपी सिंह परमार के साथ बस स्टैंड को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचा था। टीम में दीन दयाल रसोई के पास स्थित नगर निगम के यात्री प्रतीक्षालय भवन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए वहां भरा बसों का कबाड़ और तमाम अन्य सामान जब्त कर लिया।

यहां बस ऑपरेटरों के ऑफिस बने हुए हैं जिनके सामने टीन शेड भी लगा रखे गए हैं। इन टीन शेड के आगे तमाम ठेले लगते हैं। निगम की टीम ने इन टीन शेड को भी तोड़ दिया और ठेले भी जब्त कर लिए। इसी बीच कुछ लोग वहां पहुंचे और हंगामा करने लगे।देखते ही देखते सैकड़ा भर से अधिक लोगों ने निगम के अमले को घेर लिया और खदेड़ना शुरू कर दिया। उन्होंने प्रभारी



अधिकारी आरपी परमार को भी अपने घेरे में लेने की कोशिश की लेकिन स्टाफ ने उनका बचाव कर लिया। हालांकि वहां से बच कर निकलते वक्त परमार दो बार गिर भी पड़े। भीड़ ने निगम के कुछ कर्मचारियों के साथ मारपीट और धक्का-मुक्की के नतीजन कई कर्मचारी चोटिल भी हो गए।

प्रभारी अधिकारी आरपी परमार ने इस घटना का आरोप गहरवार बस सर्विस के मालिक और पूर्व पार्षद राजेश सिंह गहरवार पर लगाया है। परमार ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालय में गहरवार ने कब्जा कर रखा था जबकि ऑफिस के सामने भी टीन शेड लगा लिए थे। गुरुवार को जब कार्यवाही हुई तो गहरवार बौखला कर अपने साथ कुछ लोगों को लेकर वहां आ पहुंचे और विवाद करने लगे। उनके साथ आए तमाम लोग निगम की टीम से उलझ गए। इस मामले में बस ऑनर राजेश सिंह गहरवार का कहना है कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। उनका इस घटना से कोई वास्ता नहीं है। निगम के अमले ने अस्थायी दुकानदारों और ठेले वालों का सामान जब्त किया था जिससे उनका गुस्सा भड़का और झड़प हुई। लेकिन हमला और मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई। उधर,इस घटना के बाद तमाम बस मालिक थाने पहुंच गए और अतिक्रमण दस्ते और प्रभारी अधिकारी के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कार्यवाही की मांग करने लगे। कुछ ही देर बाद प्रभारी अधिकारी आरपी सिंह परमार भी शिकायत लेकर थाने आ गए। पुलिस ने फिलहाल दोनों पक्षों से लिखित आवेदन लेकर मामले की जांच करने बात कह रही है।

### इनका कहना है

नगर निगम से हमें शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है।जिसकी जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक सतना**

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 04 मई 2024 | 8


निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार वॉर्ड नंबर 18 साई मन्दिर के पास आर.आर.आर. केन्द्र संचालित किया गया आर.आर.आर. केन्द्र का मुख्य उद्देश्य यह है कि जरूरत से ज्यादा जिनके पास किताबे, कपड़े, बर्तन झोला इत्यादि सामान जो भी है उसको वहा पर दे जाय और जिनको इन वस्तुओं की आवश्यकता है वो ले जाय।




# समूह नल-जल योजनाओं से पानी की नियमित आपूर्ति करें

## नल-जल योजनाओं से लाभान्वित गांवों में जागरूकता अभियान चलाएं : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जलजीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा समूह नल-जल योजनाओं के कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा कराएं। पूर्ण नल-जल योजनाओं को ग्राम जल स्वच्छता समिति से संचालित कराकर ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। जिन गांवों में नल-जल योजना का कार्य पूरा हो गया है वहाँ पानी की नियमित आपूर्ति करें। छूटे हुए मजरे टोले में पाइपलाइन पहुंचाने के लिए स्वीकृत पूरे प्रस्तावों के अनुसार निर्माण कार्य कराएं। नल-जल योजना से लाभान्वित गांव में जागरूकता अभियान चलाकर आमजनों को नल-जल योजना के लाभों, पानी की गुणवत्ता की जानकारी दें। आमजनता को ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित जल कर की राशि जमा




करने के लिए प्रेरित करें। जल जीवन मिशन से स्वीकृत निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि कंदैला समूह नल-जल योजना से प्रस्तावित 113 में से 109 गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। शेष गांवों में भी एक माह में निर्माण कार्य पूरा करके पानी की आपूर्ति कराएं। इसकी सभी टंकियों में प्रतिदिन पूरी मात्रा में पानी भरने की मॉनीटरिंग करें। सलैया, पुरैना, बक्छेरा, पैपखार, बरहा, कटकी आदि गांव में भी समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा कराएं। गांव की हर बसाहट में नल से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। बाणसागर समूह नल-जल योजना में अभी तक 212 गांवों में सर्वे का कार्य किया गया है। शेष गांवों में भी बेसलाइन सर्वे तत्काल शुरू कराएं। रीवा बाणसागर समूह नल-जल योजना तथा टमस समूह नल-जल योजना के कार्य तेजी से पूरा कराएं। सभी एसडीएम टंकी निर्माण के लिए निर्माण एजेंसी को तत्काल जमीन चिन्हित कर उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन की निर्माण एजेंसियाँ अन्य विभागों से समन्वय करके नल-जल योजना के कार्य पूरे कराएं। परियोजना में शामिल प्रत्येक ग्राम पंचायत में किए जा रहे निर्माण कार्य की जानकारी उपलब्ध कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विभिन्न विभागों को जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों के संबंध में निर्देश जारी करें। जल जीवन मिशन से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही सड़क, नाली निर्माण, नहर निर्माण जैसे कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करें। किसी भी स्थिति में पेयजल की पाइपलाइन को क्षतिगस्त न करें। जल जीवन मिशन की निर्माण एजेंसियाँ पाइपलाइन में उचित संकेतक लगाएं।

बैठक में जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक चित्रांशु ने बताया कि कंदैला नल-जल योजना से अक्टूबर माह से 109 गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिन गांवों में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है वहाँ आंशिक आपूर्ति की जा रही है। छूटी हुई बसाहटों में पानी की सुविधा देने के लिए 25 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जा रही है। बाणसागर समूह नल-जल योजना में इंटेक वेल का कार्य किया जा रहा है। अन्य योजनाओं में भी इंटेक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा टंकियों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। कुछ स्थानों में सड़क तथा दो स्थानों में रेलवे लाइन को क्रास करने के लिए प्रस्ताव संबंधित विभागों को अनुमति के लिए भेजे गए हैं।

## खुले बोरवेल की सूचना देने पर मिलेगा एक हजार का ईनाम

**रीवा।** जिले भर में अभियान चलाकर अनुपयोग और खुले बोरवेल बंद कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत तथा पीएचई विभाग एवं शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय बोरवेलों का सर्वेक्षण कर रहे हैं। अनुपयोगी तथा खुले बोरवेलों को बंद कराया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि आपदा प्रबंधन के लिए जिले में हेल्पलाइन नम्बर पर खुले बोरवेल, नलकूप एवं ट्यूबवेल के संबंध में जानकारी दी जा सकती है। इसका मोबाइल नम्बर 7648862100 है। इस पर खुले बोरवेल की फोटो अथवा वीडियो सहित सूचना देने वाले को एक हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। साथ ही बोरवेल के मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करके कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र रविकांत पाण्डेय को इस कार्य के लिए नोडल नियुक्त किया गया है।

## सभी न्यायालयीन प्रकरणों में 15 मई तक जवाब-दावा दायर करें

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब-दावा दायर करने की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यालय प्रमुख हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों में 15 मई तक जवाब-दावा अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर दें। कोर्ट की अवमानना के भी सभी प्रकरणों में समुचित कार्यवाही करके उनका 15 मई तक निराकरण कराएं। लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कई विभागों में कर्मचारियों के स्वत्वों से संबंधित बड़ी संख्या में प्रकरण न्यायालय में दर्ज हैं। सभी अधिकारी अपनी लेखा और स्थापना शाखा का निरीक्षण कर कर्मचारियों के उचित स्वत्वों का भुगतान कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले एकाउंटेंट पर दण्डात्मक कार्यवाही भी करें।

कलेक्टर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग में 149, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में 99 प्रकरण लंबित हैं। इनमें जवाब-दावा दायर कराएं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित प्रकरणों में से 76 में जवाब-दावा दायर कर दिया गया है। शेष प्रकरणों में भी तय समय सीमा में जवाब-दावा दायर कराएं। सभी अधिकारी साप्ताहिक टीएल बैठक में न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। प्रभारी अधिकारी न्यायालयीन प्रकरण मऊगंज जिले से संबंधित सभी प्रकरणों की नस्तियाँ मऊगंज कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित करें। बैठक में लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी तथा सभी कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय विद्यालय के 25 विद्यार्थी करेंगे किसानों की खेत की मिट्टी की जाँच

**रीवा।** भारत सरकार के स्कूल स्वाइल हेल्थ कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक का चयन किया गया है। इस स्कूल के 25 विद्यार्थी तथा शिक्षक मोहम्मद इखलाक आजाद को मिट्टी परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया है। केन्द्रीय विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने रीवा विकासखण्ड के ग्राम अजगरहा में जाकर विभिन्न किसानों के खेतों से मिट्टी के नमूने एकत्रित किए। सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी डॉ बीपी सिंह ने मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन मिट्टी के नमूने की विधि विस्तार से छात्रों को समझाई। इसके बाद विद्यार्थियों ने खेतों में जाकर मिट्टी के नमूने संकलित किए। मौके पर उपस्थित उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने कहा कि प्रत्येक किसान अपने हर खेत की माटी का परीक्षण कराकर स्वाइल हेल्थ कार्ड बनवा लें। इस कार्ड में मिट्टी में उपलब्ध तथा अनुपलब्ध पोषक तत्वों की जानकारी दर्ज की जाती है। कार्ड में ही किसान को जमीन में संतुलित उर्वरता के लिए खाद की मात्रा के उपयोग के भी निर्देश दर्ज रहते हैं। स्वाइल हेल्थ कार्ड किसानों के लिए बहुत उपयोगी है। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ एके पाण्डेय, कृषि वैज्ञानिक डॉ अखिलेश पटेल, एसएडीओ आरके पटेल, विनोद कुमार पाण्डेय तथा किसान उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर आज

**रीवा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में 4 मई को न्यायालय परिसर रीवा में प्रातः 11 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने आमजन से अनुरोध किया है कि रक्तदान शिविर को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में रक्तदान कर सहयोग प्रदान करें।

# यूपीएससी में चयनित जिले की प्रतिभाओं का कलेक्टर ने किया सम्मान

**रीवा।** भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा में जिले की प्रतिभाओं का कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सम्मान किया। कलेक्टर ने रीवा शहर की निवासी वेदिका बंसल एवं रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत पुरवा ग्राम के रहने वाले अंकेश वर्मा को सम्मानित किया गया तथा कलेक्टर ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



उल्लेखनीय है कि यूपीएससी की वर्ष 2023 की परीक्षा में वेदिका बंसल ने 96वीं रैंक तथा अंकेश वर्मा ने 813 वीं रैंक प्राप्त की है। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि प्रतिभाएं अपना राह स्वयं चुन लेती हैं। रीवा जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। यहां के लोग हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं और अपने जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने वेदिका व अंकेश को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कहा कि उनसे प्रेरणा लेकर अन्य युवा की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होंगे। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कहा कि चयनित प्रतिभाओं के प्रेरणादायक ओरियेंटेशन कार्यक्रम आयोजित करायें जिससे अन्य युवा भी प्रेरणा ले सकें। इस दौरान आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, सहायक कलेक्टर आर प्रपंज तथा वेदिका बंसल व अंकेश वर्मा के परिजन उपस्थित रहे।

# वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद संजय सिंह संजू के आकस्मिक निधन

## प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला एवं सांसद जनार्दन मिश्रा ने जताया शोक

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद संजय सिंह संजू के आकस्मिक निधन पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है संजू जुझार युवा नेता के साथ आम जनों के बीच सरल सहज स्वभाव एवं निस्वार्थ भाव से सेवा के लिए हमेशा याद आएंगे विकास के प्रति उनके अंदर जुनूनथा रीवा नगर एवं वार्ड वासियों के लिए उनके सुख-दुख में खड़े रहते थे जनता के प्रति प्रेम और निस्वार्थ सेवा से सबका दिल जीत रखा था ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिजनों को इस कठिन घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने संजय सिंह संजू के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संजू एक सच्चे जनसेवकथे उनका आकस्मिक हम सबके बीच से जाना रीवा नगर निगम के साथ भारतीय जनता पार्टी और हम सब कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत ही दुखदाई है ईश्वर पूरे परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संजू का आकस्मिक जाना हम सबके लिए अत्यंत ही असहनीय पीड़ा है उनकी सरलता सहजता और विकास करने की सोच ने एक अच्छे नेता को खो दिया है उनका आकस्मिक निधन पूरे रीवा नगर के लिए अपूरणीय क्षति है सेमरिया के पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी ने संजू के निधन पर गहरी शोक संवेदना पर करते हुए कहा कि निधन से हम सबको बहुत पीड़ा हुई है पार्टी के वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष विद्या प्रकाश श्रीवास्तवपूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता शिवेंद्र सिंह रिप दमन सिंह प्रबोध व्यास मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा रमेश गर्ग कमलेश सचदेवा राजगोपाल चारीयोगेंद्र शुक्ला दीनानाथ वर्मा उमाशंकर पटेल श्रीमती विभा पटेलरामनारायण मिश्र तरनेंद्र शेखर पांडे देवांशु मिश्रा राजीव खंडेलवाल नगर मंडल के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी शेखर सचदेवा प्रकाश सोनी चिंटू प्रद्युम्न सिंह प्रकाश श्रीवास्तव संजय मिश्रा लाली सतीश सोनी बाला द्विवेदी बृजेंद्र गौतम विवेक गौतम विवेक पांडे दीप पांडे सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पूरे परिवार को ईश्वर दुख सहने की शक्ति दे इसकी प्रार्थना की है।

## मतांकन के लिए गोपनीय चरित्रावली समय पर प्रस्तुत करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि सभी अधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुसार तय की गई समय सीमा में मतांकन के लिए गोपनीय चरित्रावली प्रस्तुत करें। वर्ष 2023-24 के लिए सभी शासकीय अधिकारी विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में 30 जून तक स्वमूल्यांकन करके प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दें। गोपनीय चरित्रावली में प्रतिवेदक अधिकारी 30 अगस्त तक अपना अभिमत दर्ज करे। समीक्षक अधिकारी 30 सितम्बर तक मतांकन करके गोपनीय चरित्रावली स्वीकृतकर्ता अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दे।

# जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 332478 क्विंटल गेंहू की खरीद

रीवा

जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में एक मई तक 6052 किसानों से 332478 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 79 करोड़ 79 लाख 49 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेंहू का भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 236741 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 11 करोड़ 69 लाख 61 हजार 972 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 10980 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। जिले में सहकारी समितियों के मध्याम से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अधिकतर खरीदी केन्द्र गोदाम स्तर पर बनाये गये हैं। गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 20 मई है।

# रिटर्निंग आफीसर ने दो उम्मीदवारों को दिया नोटिस

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा क्षेत्र से 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक उम्मीदवार को निर्धारित प्रपत्र में चुनाव खर्च का विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है। उम्मीदवारों के चुनाव खर्च पर व्यय निगरानी समिति द्वारा निगरानी रखी जाती है। व्यय लेखा दल के छाया प्रेक्षण रजिस्टर तथा दो उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत व्यय लेखा रजिस्टर में राशि का अंतर पाया गया है। कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफीसर श्रीमती प्रतिभा पाल ने उम्मीदवारों को व्यय लेखा में दो दिवस में सुधार करने का नोटिस दिया है। जारी अलग-अलग नोटिस में प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी श्री जनार्दन मिश्र के 24 अप्रैल को प्रस्तुत व्यय लेखा रजिस्टर में कुल 24 लाख 7 हजार 698 रुपए का अंतर पाया गया है।

उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत व्यय लेखा में तीन वाहनों, 13 चुनाव प्रचार कार्यालयों के व्यय तथा सभाओं में किए गए व्यय का उल्लेख नहीं किया गया है। रिटर्निंग आफीसर ने दो दिवस में व्यय लेखे में सुधार कर प्रस्तुत करने का नोटिस दिया है। इसी तरह इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार श्रीमती नीलम अभय मिश्रा द्वारा 24 अप्रैल को प्रस्तुत व्यय लेखे तथा छाया प्रेक्षण रजिस्टर में खर्च हुए 12 लाख 58 हजार 644 रुपए का अंतर पाया गया है। उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत व्यय लेखा में 19 अप्रैल को मऊगंज में आयोजित कार्यक्रम में तीन सौ व्यक्तियों के भोजन पर व्यय की राशि में अंतर पाया गया।

# नेशनल लोक अदालत 11 मई को, 53 खण्डपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 53 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय में 29 खण्डपीठ, तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज में 7 खण्डपीठ, सिरमौर में 6 खण्डपीठ, त्योंथर में 5 खण्डपीठ एवं तहसील विधिक सेवा समिति हनुमना में 2 खण्डपीठ गठित की गयी हैं। इसके अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, औद्योगिक न्यायालय एवं श्रम न्यायालय की खण्डपीठों द्वारा भी आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत के दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन, नगर पालिका निगम, प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जायेगें। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए खण्ड पीठ क्रमांक एक में विशेष न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र कुमार, खण्डपीठ क्रमांक 2 में जिला न्यायाधीश श्री विक्रम सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 3 में जिला न्यायाधीश श्री रमेश रंजन चौबे, खण्डपीठ क्रमांक 4 में जिला न्यायाधीश श्री देवेन्द्र सिंह पाल, खण्डपीठ क्रमांक 5 में जिला न्यायाधीश श्री केशव सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 6 में जिला न्यायाधीश श्री आनंद गौतम तथा खण्डपीठ क्रमांक 7 में जिला न्यायाधीश श्री प्रवीण पटेल को तैनात किया गया है। इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक 8 में जिला न्यायाधीश श्रीमती पदमा जाटव, खण्डपीठ क्रमांक 9 जिला न्यायाधीश दिलीप सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 10 में जिला न्यायाधीश संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 11 में जिला न्यायाधीश शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 12 में जिला न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 13 में जिला न्यायाधीश धर्मेन्द्र सोनी, खण्डपीठ क्रमांक 14 में जिला न्यायाधीश श्रीमती प्रीतिशिखा अग्निहोत्री, खण्डपीठ क्रमांक 15 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रूपसिंह कनेल तथा खण्डपीठ 16 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री देवदत्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। इसी प्रकार खण्डपीठ 17 में न्यायाधीश श्री अक्षत तयाल, खण्डपीठ 18 में न्यायाधीश श्री पन्ना नागेश, खण्डपीठ 19 में न्यायाधीश श्री ललित कुमार मईड़ा, खण्डपीठ 20 में न्यायाधीश सुश्री अंजली अग्रवाल, खण्डपीठ 21 में न्यायाधीश श्री अमित सिंह धुर्वे, खण्डपीठ 22 में सुश्री अदिति अग्रवाल, खण्डपीठ 23 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री स्वाती रघुवंशी, खण्डपीठ क्रमांक 24 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री चेतना झारिया, खण्डपीठ 25 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री पूर्वी राय, खण्डपीठ 26 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री दिलीप महोर, खण्डपीठ 27 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री सृष्टि चौरसिया, खण्डपीठ 28 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री ऋचा भट्ट तथा खण्डपीठ 29 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री कंचन सैनिक प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। खण्डपीठ क्रमांक 30 में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री शिवकान्त, खण्डपीठ क्रमांक 31 में अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम श्री सुदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 32 में न्यायाधीश औद्योगिक न्यायालय श्री के.के. मिश्रा, खण्डपीठ क्रमांक 33 में न्यायाधीश श्रम न्यायालय श्री अमित नगायच, खण्डपीठ क्रमांक 34 में न्यायाधीश मऊगंज के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्री आदेश कुमार जैन, खण्डपीठ क्रमांक 35 में प्रथम जिला न्यायाधीश मऊगंज श्री संजीव कटारे, खण्डपीठ क्रमांक 36 में द्वितीय जिला न्यायाधीश मऊगंज हीरालाल अलावा, खण्डपीठ क्रमांक 37 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मऊगंज श्री साजिद मोहम्मद, खण्डपीठ क्रमांक 38 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज श्रीमती गीता उईके, खण्डपीठ क्रमांक 39 में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज श्री आनंद बागरी, खण्डपीठ क्रमांक 40 में द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज सुश्री ओशी जैन, खण्डपीठ क्रमांक 41 में जिला न्यायाधीश सिरमौर श्री संतोष चौहान, खण्डपीठ क्रमांक 42 में जिला न्यायाधीश सिरमौर के अतिरिक्त श्री संजय वर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 43 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर श्रीमती नेहा रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 44 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर डॉ. श्री अल्तमश रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 45 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर श्रीमती भारती केशरी कश्यप, खण्डपीठ क्रमांक 46 में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिरमौर श्री अमित कुमार शर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 47 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश त्योंथर श्री दयाराम कुमरे, खण्डपीठ क्रमांक 48 में अतिरिक्त जिला एवं अपर सत्र श्री कमलेश मीणा, खण्डपीठ क्रमांक 49 में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर सुश्री वंदना सोनी, खण्डपीठ क्रमांक 50 मे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर श्रीमती नीघू श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 51 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर श्रीमती मोहनी भदौरिया, खण्डपीठ क्रमांक 52 में न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना श्री विनोद कुमार चौधरी तथा खण्डपीठ क्रमांक 53 में न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना श्रीमती कीर्ति दुबे प्रकरणों की सुनवाई करेंगी।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833